विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 35 अंक 312 | कोरबा, रविवार , दिनांक 11 अगस्त 2024 डाक 12 अगस्त 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन किए



**देश-विदेश**
सैकड़ों जवानों की तैनाती, 71 घंटे में पुल तैयार, वायनाड भूस्खलन बाद जब एक्शन में आई मोदी सरकार



**फीचर पेज**
स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली की इन जगहों पर जाएं केसरिया में नजर आती हैं ये प्लेसेस



# हरियाणा के कई जिलों में हुई मूसलाधार बारिश, घरों में घुसा सोम नदी का पानी



हिसार, 11 अगस्त [एजेंसी]।

प्रदेश में शनिवार दोपहर बाद मूसलाधार बारिश हुई। यमुनानगर की सोम नदी का पानी शहरी इलाकों में घुस गया है। वहीं हिसार के ऋषि नगर में पहले से जमीन धंसने के बाद बारिश का पानी ज्यादा भरने पर बिल्डिंग का एक हिस्सा गिर गया। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है।बिल्डिंग गिरने से पहले प्रापर्टी डीलर के कार्यालय को सुभाष ने खाली कर दिया गया था। प्रदेश में रविवार को भी कई जिलों में बारिश के आसार है। इस बारिश से तापमान में गिरावट हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार विज्ञानियों ने प्रदेश में बारिश की संभावना व्यक्त की थी। इसको लेकर भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया था। सुबह से उमस ज्यादा होने के कारण हिसार सहित अन्य जिलों के लोग परेशान थे।

दोपहर बाद अचानक से मौसम में परिवर्तन हुआ और शाम पांच बजे हल्की बारिश हुई। बारिश रुकने के कुछ देर बाद फिर से तेज बारिश हुई। हिसार की सड़कों पर पानी भर गया। प्रदेश के सिरसा, करनाल, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र आदि जिलों में बारिश का आंकड़ा रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानियों ने अब रविवार को भी प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। इसमें मुख्य रूप से यमुनानगर, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, पलवल, फरीदाबाद, भिवानी, चरखी दादरी आदि जिले शामिल हैं। प्रदेश के 22 जिलों में अगस्त माह के दस दिनों में अभी तक सामान्य से 42 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। अभी तक सभी जगह पर 53.9 एमएम वर्षा होनी थी लेकिन इस दिनों में 76.7 एमएम वर्षा का रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। इसमें फतेहाबाद, हिसार, कैथल, करनाल, पलवल, पंचकूला, पानीपत में सामान्य से कम वर्षा हुई है।

## बिहार में विकराल रूप दिखा रहीं गंगा, कोसी व बागमती नदियां, कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात




**पटना।** सावन की वर्षा के बीच बिहार में नदियां उफान पर हैं। खगड़िया में कोसी और बागमती बहुत ही तेजी से बढ़ रही है। नए इलाकों में बाढ़ का पानी फैलना शुरू हो गया है। यहां कोसी खतरे के निशान से एक मीटर 15 सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। बीते 24 घंटे में कोसी के जलस्तर में 18 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। वहीं, पटना में गंगा नदी गांधी घाट, दीघा और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर है। खगड़िया में कोसी के जलस्तर में वृद्धि के साथ कोसी किनारे बसे बेलदौर प्रखंड की इतमादी पंचायत अंतर्गत गांधीनगर गांव में कटाव भी शुरू हो गया है। इधर, गंगा के जलस्तर में हर दिन इजाफा हो रहा है। खगड़िया में शनिवार को गंगा खतरे के निशान को पार कर गई, जबकि बूढ़ी गंडक खतरे के निशान पर पहुंच गई है। मुंगेर में पिछले दो दिनों में गंगा का जलस्तर 48 सेमी बढ़ा है। लखीसराय में गंगा और हरुहर नदी का जलस्तर बढ़ा है। किऊल नदी में भी लाल पानी आ गया है। हालांकि, अभी कहीं बाढ़ की स्थिति नहीं है। सुपौल स्थित बराज पर शनिवार को कोसी का डिस्चार्ज 1,86,545 क्यूसेक रिकार्ड किया गया। नदी के जलस्तर में लगातार उतार-चढ़ाव से किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के मौजहा कटाव लगा है, जिसमें दो दर्जन से अधिक घर नदी में विलीन हो गए। हालांकि, मुख्य अभियंता तटबंध के सभी बिंदुओं को सुरक्षित बता रहे हैं।

## पाकिस्तान में गहराया आर्थिक संकट, उधार लेकर घर खर्च चला रहे लोग, 56 प्रतिशत नहीं कर पा रहे कोई बचत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की खुद को बड़ी ताकत समझने की खुशफहमी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। पाकिस्तान अभी भी भारत में घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है और वहीं इस्राइल के खिलाफ ईरान को सैन्य मदद देने पर भी विचार कर रहा है। पाकिस्तान खुद को अरब दुनिया का रहनुमा समझता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर अरब देशों के सामने भीख के लिए हाथ फैलाने में भी उसे शर्म नहीं है। ऐसे में पाकिस्तान पर यह कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है कि घर में नहीं हैं दाने, अम्मा चली भुनाने। अब एक ताजा रिपोर्ट में पता चला है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ रही है और वह कंगाली के कगार पर पहुंच गया है। पाकिस्तान में हुए एक ताजा आर्थिक सर्वे में पता चला है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

हालात ये हैं कि देश के 74 प्रतिशत लोग अपने मासिक खर्चों को पूरा करने के लिए जूझ रहे हैं। पिछले साल के मुकाबले ये 14 प्रतिशत ज्यादा है। पाकिस्तान में आम जनता को अपने खर्चे पूरे करने के लिए या तो उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है या फिर वे पार्ट टाइम नौकरी करने को मजबूर हो रहे हैं। सरकार ने एक आर्थिक योजना तैयार की है, लेकिन बढ़ता कर्ज पाकिस्तान का सिर दर्द बढ़ा रहा है।

## सुदर्शन पटनायक ने रेत कलाकृति से हर घर तिरंगा पर जोर दिया, भारत के नक्शे के साथ पीएम मोदी को भी दिखाया



पुरी, 11 अगस्त [एजेंसी]।

स्वतंत्रता दिवस के महत्व को दर्शाते हुए ओडिशा के मशहूर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी बीच पर एक कलाकृति तैयार की। उन्होंने अपनी कलाकृति में भारत के नक्शे के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिखाया। इसके साथ ही उन्होंने इसमें एक संदेश भी लिखा। उन्होंने पीएम मोदी की आठ फीट ऊंची कलाकृति तैयारी की और साथ में हर घर तिरंगा भी लिखा। उन्होंने यह कलाकृति 10 अगस्त को बनाई थी। पीएम मोदी ने देश के लोगों से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपनी डीपी को तिरंगे के साथ बदलने का आह्वान किया है।

पीएम मोदी के इस आह्वान के बाद ही सुदर्शन पटनायक ने रेत कलाकृति तैयार की। अपनी रेत कलाकृति को लेकर सुदर्शन पटनायक ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, आइए, प्रधानमंत्री के आह्वान पर इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रीय एकता और गौरव को बढ़ावा दें। हर घर तिरंगा की भावना को फिर से जगाएं।

## अनंतनाग के बाद अब किश्तवाड़ में आतंकियों से मुठभेड़, सर्च ऑपरेशन जारी



जम्मू, 11 अगस्त [एजेंसी]।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर जंगल में रविवार तड़के सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों की गतिविधि की सूचना मिलने के बाद सेना और अर्धसैनिक बलों की मदद से पुलिस ने नौनट्टा, नागेनी पेयास और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया, जिसके बाद कुछ देर के लिए गोलीबारी हुई।

जम्मू- कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकियों से मुठभेड़ के बाद उस इलाके में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं और आतंकवादियों की तलाश के लिए अभियान जारी है। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेरनाग जंगल में भीषण गोलीबारी में दो सैन्यकर्मियों हवलदार दीपक कुमार यादव और लांस नायक प्रवीण शर्मा बलिदान हुए हो गए थे। इस गोलीबारी में दो नागरिकों सहित छह अन्य के घायल हुए थे।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथैरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## बांग्लादेश के बड़े नेता ने खोल दी प्रदर्शन की पोल बोले- हिंदुओं पर हो रहे हमले, कुछ लोग उठा रहे फायदा

नईदिल्ली, 11 अगस्त [एजेंसी]।



बांग्लादेश में हिंसक विरोध प्रदर्शन के चलते कई हिंदुओं की मौत हो चुकी है। पड़ोसी मुल्क में शेख हसीना को सत्ता से बेदखल करने के बाद अंतरिम सरकार का गठन भी हो चुका है। इसके बावजूद हिंसा का आलम ये है कि बीते दिन वहां के मुख्य न्यायाधीश ओबैदुल हसन को भीड़ ने अल्टीमेटम दे दिया, जिसके बाद उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा। बांग्लादेश में अभी ये साफ नहीं हुआ है कि वहां चुनाव कब होंगे, लेकिन यह तय है कि देश की दो बड़ी राजनीतिक पार्टियों में से एक खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) इनमें अहम भूमिका निभाएगी।टीवी चैनल एनडीटीवी को दिए एक इंटव्यू में बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश को अपना पद छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के कारण छोड़ना पड़ा। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश शेख हसीना सरकार के निकट माने जाते थे और कहा जाता था कि वो उनके पक्ष में ही फैसले देते हैं। आलमगीर ने आगे कहा कि यदि जिया पर्याप्त रूप से योग्य होंगी तो वे चुनावों में बीएनपी का नेतृत्व करेंगी और यदि पार्टी सत्ता में आती है तो भारत-बांग्लादेश संबंधों को बेहतर बनाने के लिए काम करेगी।

बीएनपी नेता ने कहा कि देश में हिंदुओं पर हमले कुछ लोगों द्वारा स्थिति का लाभ उठाने का परिणाम हैं और उन्होंने जोर देकर कहा कि वे किसी व्यवस्थित एजेंडे का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जब किसी भी देश में कोई बदलाव होता है, तो कुछ लोग इसका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। बांग्लादेश में भी दुर्भाग्य से हर क्रांति के साथ, सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को निशाना बनाया जाता है, चाहे वे मुस्लिम हों या हिंदू। उन्होंने माना कि अल्पसंख्यकों पर हमले हुए हैं, लेकिन उन्होंने इसे राजनीतिक या व्यवस्थित एजेंडा नहीं बताया।

## आग लगने की अफवाह से पंजाब मेल एक्सप्रेस में मची भगदड़, 20 यात्री घायल, सात गंभीर

**शाहजहांपुर।** हावड़ा से अमृतसर जाने वाली 13006 पंजाब मेल एक्सप्रेस की जनरल कोच में आग लगने की अफवाह से भगदड़ मच गई। जल्दबाजी में ट्रेन से नीचे कूदने से करीब 20 यात्री घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल सात लोगों को शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। रविवार की सुबह करीब 8.00 बजे बरेली और मीरानपुर कटरा स्टेशन के बीच ट्रेन के जनरल कोच में आग लगने की अफवाह पर चालक ने गाड़ी को रोक दिया। ट्रेन की आधी बोगी नदी के पुल पर और आधी बाहर थी। गाड़ी के रुकते ही यात्रियों ने नीचे कूदने लगे। अफरातफरी का माहौल हो गया। हादसे में कई लोगों के चोट आई है। कई बोगी खाली होने के बाद चालक और गार्ड ने चेक किया तो सब कुछ ठीक मिला।

**पेवर ब्लॉक**
सीमेंट से निर्मित (राखड़ मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक
जिग्जैक आई कॉस्मिक बर्फी एक्सकॉन
एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में
उचित मुल्य पर उपलब्ध
चेकर टाईल्स
पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है ।
संपर्क करें - 94255-40449
ऐरन इंटरप्राईजेस
कोरबा (छ.ग.)

## सुकमा में नक्सलियों ने उपसरपंच की गला रेतकर की हत्या, घटना से दहशत में एक अन्य ग्रामीण ने की खुदकुशी

सुकमा, 11 अगस्त [एजेंसी]।



छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले से एक बड़ी खबर आ रही है। यहां बीती रात सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित नागाराम गांव में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिरी के आरोप में उपसरपंच हेमला सुकला की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर पटेलपारा निवासी हेमला सन्नी ने दहशत में आत्महत्या कर ली।नक्सलियों की केरलापाल कमेटी ने इस घटना की जिम्मेदारी ली है और पर्चे के माध्यम से मृतकों के साथ 18 अन्य लोगों को भी मौत की सजा सुनाई है। इस घटना से गांव के लोग डरे और सहमे हुए हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से इस घटना की पुष्टि नहीं हुई है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार गठन के बाद बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी का नतीजा है कि सरकार गठन के नौ महीने के अंदर लगभग 150 नक्सली मारे गए हैं, लगभग 500 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और 200 के आसपास नक्सली गिरफ्तार हुए हैं। माना जा रहा है कि सुरक्षा बलों की जारी नक्सली उन्मूलन अभियान से नक्सली बौखलाए हुए हैं। इसी वजह से ऐसी कायराना घटनाओं को अंजाम देते हैं।

## पिकनिक स्पॉट में युवक की मौत, नहाते वक्त डूबा



**खैरागढ़ ।** जिले में पिकनिक के दौरान एक दुखद हादसा हुआ है. दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए युवक की आमनेर नदी में डूबने से मौत हो गई। यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब 20 वर्षीय युवक पियूष आर्या अपने चार दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था। घटना की जानकरी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव को बरामद कर लिया है। यह घटना गातापार जंगल थाना क्षेत्र अंतर्गत वनांचल में स्थित पर्यटन स्थल कुकरापाट की है।

जानकारी के अनुसार, पियूष आर्य सिविल लाइन निवासी शनिवार को अपने दोस्तों के साथ कार से लांजी मुख्य मार्ग स्थित पर्यटन स्थल कुकरापाट पहुंचा था। इस दौरान पियूष अपने दोस्तों के साथ आमनेर नदी में नहाने उतरा। जहां लगभग 2.30 बजे दोपहर पियूष नदी की गहराई में डूब गया। दोस्तों ने उसे बचाने की भरसक कोशिश की और आसपास मदद की गुहार लगाई लेकिन तब तक पियूष नदी में गुम हो चुका था।

## नटवर सिंह के निधन से सियासी गलियारे में शोक की लहर पीएम मोदी-जयशंकर समेत कई नेताओं ने जताया दुख

नईदिल्ली, 11 अगस्त [एजेंसी]।




भारत के पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे नटवर सिंह अब नहीं रहे। उनका शनिवार रात लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे 93 साल के थे। उनके निधन की खबर से सियासी गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है। पक्ष और विपक्ष से जुड़े तमाम नेता दुख व्यक्त कर रहे हैं। इसी क्रम में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनके योगदान को याद किया और संवेदना जताई। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पूर्व विदेश मंत्री के साथ एक तस्वीर भी साझा की। उन्होंने लिखा, नटवर सिंह के निधन से दुखी हूं। उन्होंने कूटनीति और विदेश नीति की दुनिया में समृद्ध योगदान दिया। वह अपनी बुद्धिमत्ता के साथ-साथ बेहतरीन लेखन के लिए भी जाने जाते थे। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, प्रतिष्ठित राजनयिक और पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन से गहरा दुख हुआ। उनके कई योगदानों में जुलाई 2005 के भारत-अमेरिका परमाणु समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है। उनके द्वारा लिखी गई किताबें, विशेष रूप से चीन पर उन्होंने जो लिखा, उसने हमारी कूटनीति में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। उनके परिवार के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। वरिष्ठ राजनेता रणदीप सुरजेवाला ने एक्स पर एक पोस्ट में सिंह को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन का समाचार दुखद है। ईश्वर उनके परिजनों को यह क्षति सहने की शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को सदगति प्रदान करें।

# आदिवासी भाई-बहनों के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही राज्य सरकार



कोरबा । विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर कोरबा जिला अंतर्गत ग्राम बोइदा में आयोजित मूलनिवासी महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, विशिष्ट अतिथि के रूप में कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने शहीद वीर नारायण सिंह, रानी दुर्गावती और बिरसा मुंडा के तैल्यचित्र की पूजन-अर्चन कर समाज के सभी लोगों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री देवांगन का आदिवासी परंपरा की विशेष पहचान फेटा (पगड़ी), कलगी, छिट और तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज हम सब इस समाज के लोग विश्व आदिवासी दिवस पर एक साथ उपस्थित हुए है यह हमारे आदिवासी समाज के एकता का प्रतीक है। उन्होंने इस क्षेत्र में समाज के प्रमुखों की प्रशंसा करते हुए बताया कि अपने समाज को एक जुट रख कर अपने समाज, अपनी परंपरा को बचाएं रखने का प्रयास करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार आदिवासी भाई बहनों के विकास के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार में बढ़ी घोषणाएं पूरी की जा रही है। महतारी वंदन योजना की राशि हर महीने बहनों को मिल रही है। साथ ही और भी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब सरकार जल्द ही चरण पादुका के वितरण शुरू करने जा रही है। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बच्चों में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, ग्राम पंचायत बोइदा की अध्यक्ष हेमलता जगत, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, रघुराज सिंह, चंद्रिका प्रसाद उईके, जेवरा महासभा की अध्यक्ष जामबाई श्याम, परमेश्वर जगत, उत्तम सिंह मरावी, चंद्रभान सिंह पोर्ते, डी.पी. कोर्राम, शोभा सिंह जगत, कार्तिक राम सरोते, दशरथ सिंह कंवर, अंबिका करपे, राजेश जगत, राम नारायण उइके समेत अधिक संख्या में समाज के आमजन उपस्थित रहे।

## शिक्षकों को हड़ताल अवधि का मिलेगा वेतन

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत पोड़ी-उपरोड़ा ब्लॉक के 105 सहायक शिक्षकों का हड़ताल अवधि 10 अगस्त 2023 से 21 अगस्त 2023 कुल 12 दिन का वेतन पिछले साल भर से लंबित है। पोड़ी-उपरोड़ा के सहायक शिक्षकों ने पत्र लिखकर सर्व शिक्षक संघ से हड़ताल अवधि का वेतन दिलाने की मांग की है। जिस पर त्वरित संज्ञान जिला शिक्षा अधिकारी टी.पी. उपाध्याय ने लिया है। सर्व शिक्षक संघ द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत मांग को संज्ञान में लेते हुए डीईओ ने खंड शिक्षा अधिकारियों को लिखा है कि सहायक शिक्षकों के द्वारा विभिन्न मांगों के लेकर अगस्त 2023 में की गई हड़ताल अवधि का वेतन लंबित है, जिसे भुगतान करने का मांग की जा रही है। इस संबंध में संबंधित शिक्षकों से वचन पत्र लेकर अगस्त 2023 में की गई हड़ताल अवधि का नियमानुसार अर्जित अवकाश स्वीकृत कर वेतन भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## राम दरबार मंदिर में वृक्षारोपण



कोरबा। भारतीय युवा कांग्रेस कोरबा शहर के तत्वाधान में राम दरबार मंदिर में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सपना चौहान, प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह, युवा कांग्रेस के कोरबा जिला प्रभारी पुष्पेन्द्र साहू, राकेश पंकज, कमलेश गर्ग, अरुण यादव, पार्षद रवि चंदेल, गणेश दास महंत, विवेक श्रीवास, राजेश यादव, अश्वनी पटेल, अमित सिंह, अंकित चौहान, राजू बर्मन, पवन विश्वकर्मा, आकाश प्रजापति, महेन्द्र निर्मलकर आदि ने वृक्ष लगायें। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और इस धरा के अनमोल आभूषण है। स्वच्छ पर्यावरण तथा पृथ्वी पर पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए पौधरोपण अति आवश्यक है। श्री अग्रवाल ने कहा कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा भी करना होता है।

आज के समय में प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। समय रहते प्रकृति को बचाना होगा जिसमें किसी आपदा से पृथ्वी को बचाया जा सकेगा। जहां वृक्ष हमें शुद्ध वातावरण व छाया प्रदान करते है वही पेड़ पौधे हमें फल-फूल और विभिन्न प्रकार की औषधि भी देते है। इस मौके पर उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों ने राम दरबार मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र में अमन चैन की कामना की। इस अवसर पर अरविन्द कुमार, मनोज कश्यप, आशिफ कुरैशी, शशीराज, बली चौहान, अमित चौहान, मनीष कुमार, अजीत कुमार, पूजा मिश्रा, रूपेश साहू, योगेश महंत, प्रीतम पाल, अनिल मांझी, अनिश, साहिल, शिवराज, अभिषेक लहरे, शिवम सिंह, संजय भारिया, गौरी शंकर, गोपाल दास महंत, आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का कलेक्टर और एसपी ने किया निरीक्षण



कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत बसंत और पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी ने सीएसईबी ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 13 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने नगर पालिक निगम को आयोजन स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री दिनेश नाग, श्री अनुपम तिवारी,पीडब्ल्यूडी ईई श्री जी आर जांगडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने सीएसईबी पूर्व ग्राउंड में समारोह स्थल पर दर्शकों के

# बढने लगा बांगो बांध का जल स्तर



कोरबा। कोरबा जिले में झमाझम वर्षा का असर बांगो बांध में दिखने लगा है। सात दिन पहले जल स्तर 348.01 था जो अब बढ़ गया है। बांध में अभी 75 फीसद पानी है। यह पूर्ण भराव से 25 फीसद पीछे है। पिछले चार वर्षों से बांध पूरी तरह नहीं भरा है। ऊपरी क्षेत्र कोरिया जिले में हो रही वर्षा से पूर्ण भराव की संभावना है। बांध के पानी भराव क्षेत्र में साल दर साल मड (कीचड़) की परत बढ़ रही है। जल संसाधन विभाग ने साल भर पहले दिल्ली की (आरसीटी) रिमोर्स सेंसर टेक्निक टीम से सर्वेक्षण कराया था। टीम ने रिपोर्ट दी है कि 40 साल के भीतर 151.3 मिलियन क्यूसेक मीटर जल संग्रहण में कमी आ गई है। समय रहते कीचड़ नहीं निकाली गई तो बांध की भराव क्षमता घटती चली जाएगी। बांगो बाध की कुल जल भराव क्षमता 3046 मिलियन क्यूबिक मीटर है। मिट्टी भराव के कारण क्षमता 2894.70 मिलियन क्यूबिक मीटर हो गई है। बांगो बांध में जल भराव कोरिया जिले में होने वाली वर्षा जल पर निर्भर है। बांगो बांध के पानी से 24 छोटे-बड़े औद्योगिक संयंत्र के अलावा रायगढ़, जांजगीर तीन लाख 62 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि में को जलापूर्ति होती है। पानी का उपयोग सिंचाई और उद्योग के अलावा निस्तारी के लिए भी होता। अकेले शहरी क्षेत्र दो बड़े जल आवर्धन योजनाओं से शहर के नौ लाख आबादी को जल आपूर्ति होती है। शहर के अलावा अब उपनगरीय क्षेत्रों व अन्य जिलों में पेयजल निदान के लिए पानी की मांग बढने लगी है।

# स्मार्ट मीटर से रूकेगी बिजली की लाईन लॉस, के घरों में लगना शुरू

## उपभोक्ताओं को मिलगा निगरानी का अधिकार

कोरबा । वितरण कंपनी को लाइन लॉस की मिलेगी सटीक आधुनिक तकनीक से लैस स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने पर वितरण कंपनी को लाइन लॉस की सटीक जानकारी मिल पाएगी। इसमें जरूरी उपाय से राजस्व घाटा कम कर सकेंगे। वहीं बिजली खपत की निगरानी का उपभोक्ताओं को अधिकार मिलेगा। इससे वे भी नियंत्रण के उपाय कर बिजली की खपत में कमी ला सकेंगे।बिजली वितरण कंपनी के लिए लाइन लॉस रोकना चुनौतीपूर्ण है। केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) से बिजली वितरण में सुधार को लेकर काम हुए हैं। लाइन लॉस को 15 फीसदी से कम करने और बिजली की प्रति यूनिट आपूर्ति की औसत लागत घटाकर औसत राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य है। आरडीएसएस स्कीम के तहत बिजली उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगेंगे। जिले में एबी टाइप कॉलोनी से ट्रायल भी शुरू हो गया है। बिजली उपभोक्ताओं के घरों के अलावा सब स्टेशन के फीडर व डिस्ट्रीब्यूशन पाइंट के ट्रांसफार्मर में स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। लाइन लॉस की सटीक जानकारी हासिल करने में वितरण कंपनी को लाभ मिलेगा। इस तरह संबंधित क्षेत्र के बिजली वितरण की कार्यप्रणाली में सुधार कर सकेंगे। वहीं स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को फायदा यह है कि वे बिजली की खपत की निगरानी स्वयं कर पाएंगे। बिजली खपत में नियंत्रण के उपाय कर कमी ला सकेंगे।बिजली अधिकारियों का यह दावा है कि जिन घरेलू उपभोक्ताओं के परिसर में यह स्मार्ट मीटर लगाने के बाद समीक्षा की है वहां की मीटर रीडिंग सटीक व वास्तविक है। साथ ही यह संपूर्ण रूप से उपभोक्ताओं के हित में है। समग्र तकनीकी व वाणिज्यिक (एटीएंडसी) घाटे को कम करने से वितरण सिस्टम मजबूत होगा। इससे वितरण कंपनी के वित्त में सुधार होगा। इससे सिस्टम को बेहतर ढंग से बनाए रखने और जरूरत के मुताबिक बिजली खरीदने में सक्षम बनाएगा। अभी बिजली का उपयोग कर समय पर बिल का भुगतान नहीं करने से बिजली वितरण कंपनी कोरबा सर्किल में उपभोक्ताओं का बकाया 250 करोड़ से अधिक है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने पर मोबाइल की तरह रिचार्ज कराने पर बिजली मिलेगी।राज्य बिजली नियामक आयोग ने बिजली कंपनी मुख्यालय में स्मार्ट मीटरिंग की कार्यप्रणाली व प्रगति से जुड़े प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। स्मार्ट लगाने ठेका लेने वाली कंपनियों के अधिकारी भी मौजूद रहे। केन्द्र सरकार ने वितरण कंपनी की परिचालन क्षमता को मजबूत बनाने आरडीएसएस स्कीम से वित्तीय मदद की है। इसी स्कीम के फंड से अब उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जाएं

## क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक ने कोरबा टाउनशिप में प्रगति के साक्षी सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया

कोरबा । प्रदीप्त कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक पश्चिम क्षेत्र- और अश ने 3 अगस्त 2024 कोकोरबा में प्रगति के साक्षी सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन किया। यह नया जोड़ कोरबा की 1983 में स्थापना के बाद की अद्भुत वृद्धि और उपलब्धियों का उत्सव है। प्रदीप्त कुमार मिश्रा ने इस सेल्फी पॉइंट का उद्घाटन कोरबा राजीव खन्ना, सभी और कोरबा के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया।प्रगति के साक्षी सेल्फी पॉइंट के दशकों की यात्रा और विकास का दृश्य प्रमाण है। इसमें कोरबा की उपलब्धियों और प्रगति को दर्शाने वाले विभिन्न डिस्प्ले और इंस्टॉलेशंस शामिल हैं, जो आगंतुकों और कर्मचारियों कोके इतिहास के साथ जुड़ने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं।सेल्फी पॉइंट के साथ-साथ एक नई और रोमांचक पहल भी शुरू की गई है- कोरबा टाउनशिप में सात पेड़ों को की प्रत्येक यूनिट के सम्मान में नामित किया गया है। यह पहल न केवल पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है बल्कि स्थानीय समुदाय के साथ इसके संबंध को भी मजबूत करती है।श्री मिश्रा द्वारा प्रगति के साक्षी सेल्फी पॉइंट और पेड़-नामकरण समारोह का उद्घाटन कोरबा की विरासत का सम्मान करने और इसके हितधारकों के बीच गर्व और पर्यावरणीय देखभाल की भावना को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# कई ग्राहकों को चुना लगाया बैंक कैशियर ने,जुर्म दर्ज

कोरबा। बैंक से 5 लाख रुपए का गबन कर गायब हुए कैशियर ने कई ग्राहकों को भी चूना लगाया है। ग्राहकों द्वारा जमा करने के लिए दी जाने वाली राशि की जमा पावती तो उसने दी लेकिन खातों में रकम जमा नहीं किया। हाल ही में उसके विरुद्ध शाखा प्रबंधक द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के बाद और मामले सामने आए हैं जिस पर एक और एफआईआर दर्ज कर विवेचना की जा रही है।सिविल लाइन थाना अंतर्गत घंटाघर चौक के निकट संचालित इसाफ स्माल फाइनेंस बैंक की शाखा में कार्यरत रहे फरार कैशियर बिरेन्द्र गिरना के विरुद्ध ग्रामीण खाता धारक ने 71 हजार रुपए गबन करने की रिपोर्ट दर्ज कराया है। पीड़ित रंजीत कुमार पिता सुरित राम निवासी ग्राम बासीन थाना श्यांग ने बताया कि उसने इस बैंक में अपना खाता ट्रेक्टर वाहन की फायनेंस रकम की कटौती के लिए खुलवाया है। 18 जुलाई को अपने खाता में 71 हजार रुपए जमा कर पावती कैशियर बिरेन्द्र से लिया था। किश्त की यह राशि 5 अगस्त को कटना था लेकिन बैंक खाता में 71 हजार रुपए जमा नहीं होने के कारण किश्त का राशि नहीं कटा। जब बैंक में जाकर पता किया तो उसके खाता में उक्त राशि जमा नहीं दिखा रहा है। कैशियर के द्वारा राशि जमा न कर गबन कर लिया गया है। मैनेजर ने बताया कि कैशियर बैंक नहीं आ रहा है और रंजीत कुमार के साथ-साथ भरत सिंह राठिया ग्राम सोलवां, बिहारी लाल ग्राम डूमरडीह, सरिता उरांव बालको का भी रकम जमा न कर नगद लेकर भाग गया है। सिविल लाइन पुलिस ने रंजीत की रिपोर्ट पर बिरेन्द्र गिरना के विरुद्ध बीएनएस की धारा 316 (5), 318 (4) के तहत जुर्म पंजीबद्ध कर विवेचना जारी रखी है।गौरतलब है कि पिछले दिनों 1 अगस्त को सुबह 11 बजे के बाद भी जब कैशियर बैंक में नहीं पहुंचा तो कामकाज के लिए इक्विटास स्माल फाइनेंस बैंक से डुप्लीकेट चाबियां निकालने के लिए कलस्टर हेड से अनुमति ली गई। जब बैंक का कैश बॉक्स खोला गया और नगदी की गिनती की गई तो 5 लाख रुपए कम पाए गए। इस दौरान कैशियर बिरेन्द्र से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया जाता रहा लेकिन संपर्क नहीं हो सका। कैशियर के कारण बैंक को वित्तीय हानि और अपूरणीय क्षति होने से

## छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने हर घर तिरंगा अभियान का शुभारंभ किया

कोरबा ।छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने टीपी नगर कोरबा में लाइंस पी एसज़ चंदेल अखबार वितरकों के समूहों के साथ प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए सभी वितरक सुबह पेपर वितरण के समय घर जाकर नागरिकों को हर घर तिरंगा लगाकर स्वतंत्रता दिवस सम्मान समारोह को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ अपना सराहनीय योगदान दे रही है।

इस अवसर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश के सभी नागरिकों को हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है इस अभियान को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसे निभाना है आज से ही 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान में अपना योगदान करने का आह्वान किया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपेंद्र कुमार साहू, सहित लक्ष्मी राठौर, जय सिंह नेताम,रामायण सिंह (रामा),तपेश्वर राठौर, राय सिंह , कृष्ण कुमार निर्मलकर, राजकुमार पटेल, विल्सन, देव पटेल, दिलीप यादव, सुनील साहू, आयुष, लाल ,बजरंग, राजेश पाल, ओंकार, अज्जू, सुदीश गिरी अनुराग महतो आदि उपस्थित थे

# बैगलेस डे पर विद्यार्थी सीखेगें कौशल ,निखरेगी प्रतिभा

कोरबा। बैगलेस डे एक ऐसा दिन होता है जब छात्रों को स्कूल में अपना भारी बैग नहीं ले जाना पड़ता। इसके बजाय, वे विभिन्न गतिविधियों में संलग्न होते हैं जो उनके पाठ्यक्रम से संबंधित होती हैं लेकिन उन्हें पाठ्यपुस्तकों या नोटबुक की आवश्यकता नहीं होती है। बैगलेस डे का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के बोझ से राहत देना है। 10 की सिफारिशों का मकसद है कि बच्चों को छोटी उम्र से ही प्रैक्टिकल ट्रेनिंग और प्रैक्टिकल नॉलेज की तरफ झुकाया जा सके। बच्चों में शुरुआत से ही क्लासरूम और सिलेबस से इतर जाकर पढ़ने और सोचने की क्षमता बढ़ाई जा सके। एनईपी, 2020 ने सिफारिश की थी कि कक्षा 6-8 के सभी छात्र 10-दिवसीय बैगलेस अवधि में भाग लें। 10 बैगलेस दिनों के पीछे का विचार उन्हें कक्षा 6-8 से शिक्षा के अध्ययन की मौजूदा योजना के अतिरिक्त के बजाय शिक्षण सीखने की प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग बनाना है।

स्कूल बच्चे के विकास में महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे शैक्षणिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास के अवसर प्रदान करते हैं। स्कूली जीवन के महत्व से व्यापक शिक्षा मिलती है, जो व्यक्तिगत क्षमता को बढ़ावा देती है, चरित्र का विकास करती है और आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करती है।स्कूल जीवन हमारे जीवन का सबसे अच्छा समय होता है क्योंकि हम नए दोस्त बनाते हैं, नई चीजें सीखते हैं और अपना करियर बनाते हैं।



स्कूल का समय ही एकमात्र ऐसा समय होता है जिसका हम सबसे अधिक आनंद लेते हैं, और जब हम कॉलेज में प्रवेश करते हैं, तो हम हमेशा अपने स्कूल जीवन को याद करते हैं।केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत तय किए लक्ष्यों को हासिल करने के लिए अगले पांच वर्षों के रोड मैप पर मंथन शुरू किया है। इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि भारत एक युवा देश है। हमारी चुनौती 21वीं सदी की दुनिया के लिए वैश्विक नागरिक तैयार करना है, जो तेजी से बदल रही हैं क्योंकि यह सदी प्रौद्योगिकी की ओर से संचालित हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली सुनिश्चित की जाए, जो जमीनी और आधुनिक दोनों ही हो। स्कूलों में टेक्नोलोजी पर ध्यान देना होगा। हमें रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए अपनी कौशल क्षमताओं को भी बढ़ाना चाहिए।

स्कूली शिक्षा के लिए जारी किए गए नैशनल करिकुलम फ्रेमवर्क में यह स्पष्ट कर दिया गया है कि क्लासरूम टीचिंग केवल किताबों की दुनिया ही नहीं है बल्कि छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स से भी मिलवाना चाहिए। स्कूलों के वार्षिक कैलेंडर में 10 होंगे यानी इन दस दिन छात्र बिना बैग और किताबों के स्कूल जाएंगे। इन दिनों में छात्रों को फील्ड विजिट करवाई जाएगी। यह सिफारिश की गई है कि इन दस दिनों में छात्रों को स्थानीय पारिस्थितिकी के बारे में जागरूक करने, उन्हें पानी की शुद्धता की जांच करना सिखाने, स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को पहचानने और स्थानीय स्मारकों का दौरा करवाया जाए। डॉक्टर संजय गुप्ता ने कहा कि इस दरमियान विद्यार्थी में अनेक कौशलों के विकास पर जोर दिया जाएगा। उन्हें गार्डेनिंग, डांस, म्यूजिक, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिकल नॉलेज ,पर्सनेलिटी डेवलपमेंट,स्पोर्ट्स एक्टिविटी,मोरल एजुकेशन, ड्रामा, एक्टिंग, साइंस प्रोजेक्ट एक्टिविटी, ज्योग्राफिकल एक्टिविटीज जैसे विभिन्न कौशालों से जोड़ा जाएगा,जिससे कि उनकी छिपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आए।बैग लेस डे का उद्देश्य ही होगा विद्यार्थियों को बचपन लौटना और उनके व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देना।

# बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद में होंगे 30 वार्ड, अधिसूचना का किया गया प्रकाशन

कोरबा। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद का गठन होने के बाद पहली बार होने वाले आम चुनाव के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने वार्डों की संख्या तय कर दी है। वार्डों की सीमाओं के निर्धारण का कार्य भी पूरा कर इससे संबंधित अधिसूचना प्रकाशित की है।

राज्य सरकार ने हाल ही में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा का गठन किया है। इसे कोरबा नगर निगम के आठ वार्डों को तोडक़र बांकीमोंगरा पालिका परिषद में समाहित किया गया है। अन्य नगरीय निकायों की तरह यहां भी नवंबर-दिसंबर में चुनाव संपन्न होने की संभावना है। इसे ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। सरकार की ओर से इस संबंध में गजट नोटिफिकेशन किया गया है। इसमें सभी वार्डों का नाम और उनकी आबादी तय की गई है। वार्डों की सीमा इस प्रकार निर्धारित की गई है कि सभी वार्डों में एक समान आबादी का बंटवारा किया जा सके। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद में नए परिसीमन के बाद वार्डों की संख्या बढक़र 30 हो गई है।

**ये हैं वार्डों के नाम**

1.बांकीमोंगरा बस्ती, 2.शीतला मंदिर, 3. मोंगरा, 4. पानी टंकी गायत्री मोहल्ला, 5 मनोरंजन मंदिर, 6. शांति नगर, 7. जंगल साइड, 8. शिवालय मोहल्ला, 9. अंबेडकर नगर, 10.बांकी साइड, 11. गजरा बस्ती, 12. गजरा साइड, 13. कटाईनार-1, 14. कटाईनार-2, 15. कुदरीपारा, 16. घुड़देवा-1, 17 घुड़देवा-2, 18. मड़वाढोढ़ा, 19. कुचैना, 20. नेहरूनगर, 21. आदर्शनगर-1, 22. आदर्श नगर-2, 23. आदर्शनगर-3, 24. चुनचुनी, 25. बरपाली-1, 26. बरपाली-2, 27. गेवरा बस्ती, 28. धरमपुर, 29. नरईबोध और 30. मनगांव शामिल हैं।

## न्यूज एंकर सलमा सुल्ताना हत्याकांड के कथित आरोपी मधुर साहू को मिली जमानत

कोरबा । कोरबा शहर के चर्चित न्यूज एंकर सलमा हत्याकांड के कथित आरोपी मधुर साहू को उच्च न्यायालय ने राहत देते हुए जमानत दी है। उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षो के दलील सुनने के बाद प्रस्तुत साक्ष्य को देखते हुए जेल में बंद हत्या के कथित आरोपित को राहत दी है।

उल्लेखनीय हैं कि लगभग 11 महीने से सलमा सुल्ताना की हत्या के आरोप में जेल में बंद मधुर साहू को कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उच्च न्यायालय में पुलिस की टीम पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नही कर पाई।

# नैला रेलवे फाटक लोगों के लिए बन रहा सिरदर्द

## भाजपा नेता के घर के सामने का नहीं बन रहा गड्ढा



**जांजगीर-चांपा** । जिला मुख्यालय आने वाले वाहन चालकों को नैला रेलवे फाटक पार करना काफी परेशानियों भरा होता है। नैला फाटक के बंद रहने के चलते हर दिन यहां जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। फाटक में जाम की समस्या आम हो गई है। चालक को घंटों जाम से फंसे होने की समस्या रोज की बात हो गई है। जिला मुख्यालय होने के चलते रोजाना बड़ी संख्या में बलौदा, पंतोरा, खिसोरा,कोरबा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का आना-जाना जांजगीर लगा रहता है। जिला मुख्यालय में रोजाना बलौदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की आना-जाना लगा रहता है। वहीं दूसरी ओर रोजाना बड़ी संख्या में कोरबा, बिलासपुर जाने वाले राहगीर इसी मार्ग से होकर गंतव्य के लिए गुजरते हैं। जिसके चलते पूरे दिन भर वाहनों का दबाव बना रहता है। जिला मुख्यालय के लिए यह रेलवे फाटक आम लोगों के लिए सर दर्द बन गया है जहां प्रत्येक 5 मिनट में फाटक बंद हो जाता है वही सवारी गाड़ियों से ज्यादा माल गाड़ियां चलती हैं जिसके चलते अधिकतर समय फाटक को घंटो बंद कर दिया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि एक समय में तीन से चार गाड़ियां पार करके रेल विभाग लोगो के सब्र का इम्तिहान ले रही है वर्तमान में पश्चिम केबिन के पास रेलवे का ओवर ब्रिज बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। पिछले कुछ सालों से रेलवे का यह गतिविधि पूरी तरह से संचालित है जिसके करण आमजनों को भारी मुसीबतों सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में स्थानीय नेताओं द्वारा अनेक बार रेलवे प्रबंधन को प्लेटफार्म में सुविधा बढ़ाने तथा गाड़ियों की स्टॉपेज एवं ओवरब्रिज बनाए जाने हेतु कहा जा चुका है परंतु रेलवे का ध्यान जरा भी इस मामले पर नहीं है । लगातार फाटक बंद होने से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है जो कभी भी रेलवे विभाग के प्रति रेल रोको आंदोलन तथा धरना प्रदर्शन का स्वरूप ले सकती हैं इसे बचाने के लिए रेलवे विभाग को चाहिए कि तत्काल जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए चाही गई मांगों को पूरा करें अन्यथा भाजपा सरकार एवं रेलवे विभाग के प्रति आक्रोश फूट सकता है।

**भाजपा नेता खुद निष्क्रिय**

जांजगीर चांपा के पूर्व विधायक एवं भाजपा के गद्दावर नेता नारायण चंदेल को भजपा में एक बड़े नेता के रूप में जाना जाता है परंतु जब जब बरसात का मौसम आता है तब तक उनके घर के पास विशाल गड्ढा हो जाता है लोग इस गड्ढे से परेशान होते हैं और कई बार दुर्घटना ग्रसित हो जाते है वर्तमान में भी यही स्थिति नजर आ रही है। जिसे देखकर लोग नारायण चंदेल को एक निष्क्रिय नेता कहने लगे हैं।

## जांजगीर में नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म के दो मामले, दोनों में आरोपित गिरफ्तार

**जांजगीर - चांपा।** नाबालिग बालिका का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित युवक को पुलिस नेगिरफ्तार किया है। मामला शिवरीनारायण थाना का है। थाना प्रभारी सागर पाठक ने बताया कि किशोरी बालिका 19 जुलाई की सुबह घर से निकली थी जो शाम तक वापस नही आई। जिस पर स्वजन ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर लेजानेकी रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर अज्ञात आरोपित के विरुद्ध धारा 137(2), बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

अज्ञात आरोपित एवं अपहृत बालिका की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान बालिका को गंगाजल निवासी राज वैष्णव 21 वर्ष पिता मिथलेश्वर वैष्णव के पास से बरामद किया और महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया। जिसमें उसने राज वैष्णव के द्वारा दुष्कर्म करने की जानकारी दी। प्रकरण में धारा 87,64 बीएनएस 4,6 पाक्सो एक्ट जोडी गई। पुलिस ने आरोपित युवक राज वैष्णव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया।दूसरी घटना मामला शिवरीनारायण थाना का है। बताया गया कि 30 मार्च की सुबह 11.40 बजे बालिका अपने घर से निकली थी जो शाम तक घर वापस नहीं आई।जिस पर स्वजन ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने कि रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर धारा 363 कायम कर विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपित एवं अपहृत बालिका की पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान उनका लोकेशन पटियाला पंजाब में मिला ।

# बदहाल सड़क में कांग्रेसी कर रहे धान रोपाई की तैयारी

## कलेक्टर को सौपेंगे ज्ञापन, फिर चरणबद्ध आंदोलन



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय की बदहाल सड़क को लेकर कांग्रेसी अब आरपार की लड़ाई के लिए रूप रेखा बना रहे हैं। कांग्रेसियों का कहना है कि यदि बदहाल सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो सड़क के गड्ढों में धान की रोपाई करेंगे। ताकि सरकार कुंभकरणी निद्रा से जाग उठे। इसके लिए आपस में बैठक कर रहे हैं और कलेक्टर एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़कों के गड्ढे में धान की रोपाई करेंगे। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय की सड़कें पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है। बात चाहे केरा रोड की करें या फिर नैला रोड की। वहीं चांपा रोड की सड़कें भी बदहाली की कगार पर है। जिसे लेकर कांग्रेसी ऐसी सड़कों में धान की रोपाई के लिए रणनीति बना रहे हैं। नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी व पार्षद विवेक सिसोदिया ने बताया कि सरकार ऐसी सड़कें बना रही है जो चार महीना भी नहीं टिक पा रही है। बारिश के दिनों में ऐसी सड़कों में गड्ढे बन आए हैं जिसमें दो से तीन फीट का पानी भरा है। इसकी मरम्मत भी नहीं की जा रही है। ऐसे में राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार जिम्मेदार है।

**तख्ती, बेनर, पोस्टर बनाने की चल रही तैयारी**

युकां के जिलाध्यक्ष प्रिंस शर्मा ने बताया कि एक ओर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार की जुमलेबाजी की जा रही है। वहीं जिले की सड़कें बदहाल है। इसकी मरम्मत के लिए सरकार ध्यान नहीं दे रही है। सरकार को जगाने के लिए बड़ा अभियान चलाया जाएगा। सड़क के गड्ढों में धान के पौधे रोपेंगे। इसके लिए बेनर, पोस्टर, फ्लैक्सी बनाने की तैयारी की जा रही है। पहले एसडीएम व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। फिर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

## स्कूल से शिक्षक नदारद, प्रधान पाठक के साथ बीईओ को नोटिस

**सक्ति।** वनग्राम रैनखोल में शिक्षकों के आए दिन नदारद रहने के मामले में शिक्षक व प्रधान पाठक के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भी नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार रैनखोल शासकीय स्कूल में प्रधान पाठक के साथ तीन शिक्षक पदस्थ है। इनमें से एक शिक्षक की अनुपस्थिति लगातार है तो दूसरे का कभी कभार आना होता है। इस तरह की शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने ना केवल प्रधान पाठक व दोनों शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है, बल्कि मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए है। वहीं प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। उल्लेखनीय है कि ऋषभतीर्थ क्षेत्र अंतर्गत रैनखोल के सरकारी स्कूल में शिक्षकों के लगातार अनुपस्थिति की शिकायतें मिल रही थी। शिक्षकों के नहीं आने पर यहां अघोषित अवकाश का माहौल रहा। ऐसे में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एन.के. चंद्रा ने इस मामले में कार्रवाई की है।

**की जाएगी कार्रवाई**

कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रधान पाठकों शिक्षकों के साथ विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सक्ती को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया है। दो दिन में जवाब देने कहा है। जवाब प्राप्त होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जावेगा।

- एन के चन्द्रा, जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती

# जानलेवा डायरिया ने अमोदा में ले ली दो बच्चों की जान

## कुंभकरनी नींद में सो रहा स्वास्थ्य विभाग

**जांजगीर चांपा।** डायरिया ने फिर से जिले में कहर बरपाना शुरू कर दिया है। नवागढ ब्लाक के अमोदा गांव में डायरिया की चपेट में आने से दो बच्चों की जान चली गई। गांव में अभी दर्जनभर लोग डायरिया से पीडित है। डायरिया से बच्चो की मौत के बाद भी स्वास्थ्य महकमा हरकत में नहीं आ रहा। गांव में सर्वे किया जाना चाहिए और कैम्प लगा कर इलाज करनी चाहिए।

दरअसल डायरिया ने जुलाई माह में जिले में जमकर कहर बरपाया है तब दर्जन भर लोगों की डायरिया की चपेट में आने से मौत हुई थी। अब डायरिया का कहर फिर से शुरु हो गया है। इस बार डायरिया की धमक नवागढ़ ब्लाक के अमोदा गांव में हुई है। गांव में दर्जन भर लोग इसकी चपेट में हैं। इनमें ज्यादातर बच्चे हैं। डायरिया ने गांव के दो बच्चों की जान भी ले ली। केवट मोहल्ला में रहने वाले संतोष यादव के 8 साल के पोते धनेश्वर यादव की तबीयत दो दिन पहले बिगडी थी और उसे गांव के स्वास्थ्य केंद्र से दवा दी गई। कुछ समय के लिए धनेश्वर की तबियत में सुधार आया और रात भर ठीक तहने के बाद शनिवार 10अगस्त की सुबह उसे तकलीफ हुई। धनेश्वर को 108 के माध्यम से इलाज के लिए नवागढ़ अस्पताल भेजा गया जहाँ डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही 5 वर्षीय दिशा केवट की भी शुक्रवार की रात से तबीयत बिगडी और लगातार उल्टी दस्त करने लगी। परिजनों ने शनिवार की सुबह उसे भी चाम्पा अस्पताल ले जा कर उपचार कराया, लेकिन अस्पताल से वापस लाने के बाद उसकी मौत हो गई। अमोदा मे डायरिया से दो बच्चो की मौत की सूचना मिलने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया। एसडीएम के साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी गांव पहुंचे। मृतकों के घर और आसपास के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमे 9 अन्य लोग



डायरिया प्रभावित मिले। सभी को नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य अमल पूरी तरह से उदसीन है,।डायरिया को जलजनित बीमारी माना जाता है। बरसात के मौसम में दूषित पानी पीने से डायरिया फैलने की संभावना रहती है। ज्यादातर डायरिया के केस दूषित पानी पीने के कारण सामने आते है। अमोदा में डायरिया फैलने के बाद पीएचई विभाग द्वारा पानी का परीक्षण किया जा रहा है। बताया जाता है कि पीने का पानी पुराने पाइप लाइन और पुराने टंकी से सप्लाई किया जा रहा है। कई जगह से पाईप लाइन टूट गया है और गंदा पानी पाइप के माध्यम से घरों में पहुंच रहा है। चरमराई सफाई व्यवस्था और पाली में घोल रही बीमारी ने गांव के व्यवस्था के साथ काल जल योजना पर सवाल खड़ा कर दिया है। यहां पदस्थ ग्राम पंचायत के सचिव पूरी तरह से उदासीन है जो गांव के किसी भी समस्या एवं लोगों के स्वास्थ्य प्रति सचेत नहीं है और ना हैं की जानकारी देने के कारण शासकीय योजनाओं का लाभ तथा लोगों को समय पर स्वास्थ्य सेवाओं की सुविधा ग्राम में नहीं पहुंच पाती। वह केवल राजनीति में मशगुल रहते हैं तथा डिंग हाकते हुए घूमते फिरते रहते हैं।

उधर यहां की मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी वंदना सिसोदिया द्वारा भी फील्ड का दौरा नहीं किया जाता । जिसके कारण समय पर लोगों को उपचार करने में तकलीफें होती रहती हैं तथा चिकित्सा व्यवस्था पूरी तरह से लोगों को सुलभ नहीं हो रहा। जिले में पदस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के चिकित्सक पूरी तरह से अनियंत्रित हो गए हैं। और लोग छोटी-छोटी बीमारियों से मार रहे हैं।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में बाल केबिनेट का गठन

**पामगढ़।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुरतेला में बाल केबिनेट का गठन का किया गया। बच्चों ने चुनाव के लिए सेल्फी प्वाइंट, चुनाव चिराई का रंगोली बनाकर सजाया। साथ हीएक पेड मां के नाम के तहत पौधे लगाया गया। शासन के निर्देशानुसार नई शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूर्ण होने पर समस्त शालाओ में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया इसी कडी में जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज के निर्देशानुसार, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक के मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चुरतेला संकुल केंद्र मुड़पार (चू) में भी छठे दिवस का कार्यक्रम बाल केबिनेट का गठन और एक पेड मां के नाम के तहत पेड लगाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी जयराम सारथी, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद कमल सिंह और मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षादूत से सम्मानित सहायक शिक्षक घनश्याम दिनकर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षक रामविश्वास सोनकर के द्वारा बच्चों में उत्साह और जानकारी के लिए चुनाव जैसा माहौल बनाकर बाल केबिनेट का गठन शांतिपूर्ण कराया गया। इस दौरान श्री सारथी द्वारा सभी बच्चों को स्टेशनरी वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में जांजगीर की टीम ने परसाहीनाला को हराया



**जांजगीर चांपा।** ग्राम पंचायत किरारी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष नागपंचमी मेला व कबड्डी खेल प्रतियोगिता आयोजन किया गया, जिसमे अन्य जिलों के विभिन्न टीमों ने लिया हिस्सा, विजेता टीम को नगद राशि का ईनाम दिया गया। पूरे राज्यों से 50 से अधिक टीमें हिस्सा लेने के लिए आई थी लेकिन समय अभाव के कारण केवल 32 टीम का ही पंजीयन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जांजगीर की टीम ने परसाहीनाला को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार के रूप में जांजगीर के टीम को 10 हजार नगद, शील्ड व बनियान द्वितीय ईनाम परसाहीनाला के टीम को 7 हजार नगद, शील्ड व बनियान, तृतीय ईनाम तनौद के टीम को 5 हजार नगद, शील्ड व बनियान एवं सांत्वना पुरस्कार खुरूपारा कोरबा के टीम को 3 हजार नगद, शील्ड व बनियान सहित बेस्ट रीडर विनोद जांजगीर, बेस्ट कैचर विशाल यादव परसहीनाला को प्रदान किया गया। दिनेश सिंह पूर्व भाजपा प्रत्याशी अकलतरा विधानसभा के मुख्य अतिथि में पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कबड्डी ग्रामीण क्षेत्रों में खेले जाने वाले प्रमुख खेल हैं। क्षेत्र में प्रतिभावान खिलाड़ियों ने राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ियों को पूरे तन मन से एवं खेल भावना से के साथ खेलना चाहिए किसी भी खेल में हार और जीत तो होती है लेकिन हारने वाले टीम को निराश न होकर अगले प्रतियोगिता में बेहतर तैयारी के साथ खेलने का संकल्प लेना चाहिए। संचालन डॉक्टर हेमंत कश्यप मनोहर वर्मा परसदा एवं राजेंद्र साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य, सरपंच, उप सरपंच, पंच स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग के स्टाफ व ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## स्कूल में स्वीकृत पदों से अधिक शिक्षकों का होगा तबादला

**जांजगीर।** स्कूलों में शिक्षकों की कमी पूरा करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों और शिक्षकों का युक्तिकरण करने का निर्णय लिया है। इसमें जहां छात्रों की दर्ज संख्या कम है, वहां के स्कूल को पास के स्कूल में मर्ज किया जाएगा।

वहीं, जिन स्कूलों में शिक्षकों की संख्या ज्यादा है, उन्हें दूसरे स्कूलों में ट्रांसफर किया जाएगा। इस संबंध में सरकार की गाइडलाइन आ चुकी है। इसके खिलाफ शिक्षक हाईकोर्ट में चुनौती न दें, इसलिए शासन ने पहले से हाईकोर्ट में कैविएट याचिका दायर कर दिया है। शासन ने ऐसे विद्यालयों और शिक्षकों का युक्तिकरण करने का निर्णय लिया है, जहां मंजूर पद से अधिक शिक्षक पदस्थ हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार स्कूल में प्रवेशित छात्रों के अनुपात में शिक्षकों की संख्या तय की है। जहां शिक्षक कम हैं, ऐसे स्कूल में शिक्षकों की पोस्टिंग की जाएगी। इसमें पहले शिक्षक विहीन, फिर एकल शिक्षक वाले स्कूलों की पहचान की जाएगी। बाद में वहां दूसरे स्कूलों से शिक्षकों का ट्रांसफर कर भेजा जाएगा। कलेक्टर ने ली शिक्षा अधिकारियों की बैठक कलेक्टर आकाश छिकारा ने शनिवार को ऑडिटोरियम में रायपुर से आए विनोबा एप बनाने वाले एनजीओ के सदस्यों और शिक्षकों की बैठक ली।

# अजाक पुलिस करेगी मामले की जांच

## महिला सरपंच के घर घुसकर की धक्का-मुक्की, रिपोर्ट दर्ज

**जांजगीर ।** कोटमीसोनार की महिला सरपंच के घर घुसकर उसी के वार्ड के पंच के द्वारा धक्कामुक्की कर जातिगत गाली गलौच करने का मामला सामने आया है। महिला सरपंच ने मामले की रिपोर्ट अजाक थाने में दर्ज कराई है। इधर पुलिस ने आरोपी पंच के खिलाफ जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोटमीसोनार की महिला सरपंच रामिन बाई नेताम पति बलराम सिंह ने 24 जुलाई को अपने घर पर थी। तभी गांव के वार्ड नंबर 16 का पंच अजीम मोहम्मद उसके घर में घुस गया और महिला सरपंच से धक्कामुक्की करने लगा। इतना ही नहीं, वह सरपंच से जातिगत गाली गलौच करते हुए देख लेने की खुली धमकी दी। साथ ही उसके लेटरपैड का गलत इस्तेमाल भी किया गया। महिला सरपंच ने रिपोर्ट में बताया कि पंच के द्वारा अक्सर पैसे की मांग की जाती है। पैसा नहीं देने पर उसके साथ हमेशा ऐसा ही बर्ताव किया जाता है। इसके चलते वह परेशान है। महिला सरपंच का आरोप है कि पंच अजीम मोहम्मद के द्वारा उसे देख लेने और जेल भेजने की धमकी दी गई। आरोपी हमेशा उसे जान से मारने की धमकी भी देता है और उसका कोई कुछ भी नहीं बिगाड़ सकता कहकर पूरे पंचायत बाडी को धमकी देते रहता है। परेशान होकर सरपंच ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला सरपंच रामिन बाई ने रिपोर्ट में कहा है कि उक्त पंच अजीम मोहम्मद के द्वारा उसके कोरे लेटरपैड के 10 पन्नों में दस्तखत करा लिया है और लेटरपैड का गलत इस्तेमाल कर रहा है। इतना ही नहीं लेटरपैड में कुछ भी लिखकर उसे फंसा देने की धमकी देते रहता है। महिला सरपंच ने पुलिस के सामने यह भी बयान दी है कि उसके छोटे-छोटे बाल बच्चे हैं। जो पंच अजीम मोहम्मद ज़ की धमकी से डरे सहमे हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पंच अजीम मोहम्मद के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 332 (सी) के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## वेतन वृद्धि रोकने के खिलाफ याचिका

**जांजगीर।** सक्ती उपजेल के प्रहरी को विभागीय जांच के बाद 5 साल पहले वेतन वृद्धि रोकने की सजा सुनाई गई थी।

इसके खिलाफ प्रहरी ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई है, जिसे सूचीबद्ध कर लिया गया है। सक्ती उपजेल के प्रहरी अजय कुमार मरकाम पर 5 जून 2018 को बंदी बलराम पाटले से मारपीट करने का आरोप लगा था। इसके बाद विभागीय जांच हुई और 7 जनवरी 2019 को प्रहरी पर वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई की गई।

इसके खिलाफ प्रहरी मरकाम ने अपील अधिकारी महानिदेशक जेल व सुधारात्मक सेवाएं रायपुर में अपील की, लेकिन फैसला उनके खिलाफ ही आया।

## अगस्त क्रांति दिवस पर अकादमी ने किया स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद

जांजगीर-चांपा । बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल मेमोरियल अकादमी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन 9 अगस्त 1942 व आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अगस्त क्रांति दिवस 9 अगस्त को अंचल के जनप्रतिनिधियों, साहित्य सेवियों, शिक्षविद्र राष्ट्र?प्रमियों की उपस्थिति में बैरिस्टर मेमोरियल अकादमी द्वारा देश भक्ति पूर्ण कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का पुण्य स्मरण किया गया। विदित है भारत माता की स्वतंत्रता में अगस्त माह का बहुत ही महत्व पूर्ण स्थान है। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखेंगे तो देश की आजादी के लिए भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अगस्त माह में अनेक आंदोलनों का सूत्रपात किया था, जिसमें प्रमुख रूप से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर अगस्त क्रांति 9 अगस्त वर्ष 1942 को अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन प्रमुख है।

जिसमें देश की आजादी में राष्ट्रीय स्तर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के साथ आवाम के समग्र भारत वासियों के अपना योगदान दिया था। इस परिपेक्ष्य में छत्तीसगढ़ से राष्ट्रीय स्तर के प्रखर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर ठाकुर छेदीलाल द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश व अविभाजीत बिलासपुर जिले के अपने अनेक सहयोगियों के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया गया था। इस अवसर पर रघुराज प्रसाद पांडेय, आचार्य नन्द मिश्रा, प्रदेश पंचायती राज संगठन संयोजक दिनेश शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश पैगवार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से डॉ. परस शर्मा, रमेंद्र सिंह चौहान, श्रवण सिंह, सुरेश सिंह क्षत्रिय, जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अर्जुन सिंह क्षत्रिय, रवेंद्र सिंह, साहित्य सेवी हजारी लाल, बोधीराम साहू, नवल सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कोरबा के बाद अब इस इलाके में हाथी उत्पात



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा क्षेत्र के हरदी विशाल गांव में एक दंतैल हाथी ने स्कूल परिसर में रखी बाइक-साइकिल में तोड़फोड़ की है। जिसका वीडियो भी सामने आया है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में हाथी के विचरण से दहशत का माहौल है। वन विभाग और पुलिस की टीम हाथी पर नजर रखी हुई है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को हाथी कोरबा जिले होकर जांजगीर चांपा जिले के बलौदा वन मंडल में पहुंच गया। जहां हरदी विशाल गांव में शाम करीब 5 बजे के बाद स्कूल के अंदर घुसा गया। साइकिल उठाकर इधर-उधर फेंकने लगा। बाइक को भी नुकसान पहुंचाया है।

**ट्रैकर हाथी बुलाया गया**

उत्पात मचाने के बाद खेतों की ओर चला गया। जहां फसलों को नुकसान पहुंचाते हुए रात को खिसोरा गांव के ठेठवार पारा की तरफ चला गया। पुलिस और वन मंडल के कर्मचारी हाथी पर रात भर नजर बनाए हुए हैं। दंतैल हाथी छाता के जंगल के तरफ है। ट्रैकर हाथी के माध्यम से बाहर निकली जाएगी।

**लोगों को दूर रहने की अपील**

डीएफओ प्रियंका पाण्डे ने बताया कि झुंड से बिछड़ने के बाद हाथी 4 दिन पहले बलौदा वन मंडल के क्षेत्र में पहुंचा था। जिसके बाद कोरबा जिला चला गया था। शुक्रवार की शाम को फिर से हाथी बलौदा पहुंचा है। गांव के लोगों को बाहर नहीं निकलने की हिदायत दी गई है और हाथी के सामने नहीं आने की अपील की गई है। हाथी को सुरक्षित दूसरी जगह भेजने के लिए अचानक मार्ग से एक ट्रैकर हाथी को मंगाया गया है, जो कि अपनी आवाज से हाथी को बुलाकर उसे रिहायशी इलाकों से दूर जंगल में छोड़ सके।

## बिलासपुर में नकली पिस्टल अड़ाकर महिला से लूट

**बिलासपुर।** जिले में बिजौर के भूमि विहार कालोनी में घर में घुसकर महिला से लूट करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने महिला को डराने के लिए प्लास्टिक की पिस्टल का सहारा लिया था। सरकंडा पुलिस ने उनके पास से सोने के गहने, बाइक और नकली पिस्टल जब्त कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि, आरोपियों को पकड़ने के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज, संदिग्ध, पुराने बदमाशों की लिस्ट और भागने के संभावित रूट की सघन पड़ताल कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लूट की शिकार शालिनी देवांगन पति सुभम देवांगन निवासी भूमि विहार ग्राम बिजौर ने शुक्रवार को सरकंडा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 3 अज्ञात व्यक्ति दोपहर करीब 2 बजे उनके भूमि विहार स्थित घर में जबरन घुस गए। आरोपियों ने पिस्टल अड़ाकर उनसे 2 मंगल सूत्र और अंगूठी करीब 18 ग्राम कीमती 70 हजार लूट कर भाग गए।

## अशोक कश्यप

**शहौद।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक हिमाल प्रसाद कश्यप के पुत्र अशोक कश्यप का आकस्मिक निधन शुक्रवार 9 अगस्त को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में शनिवार 10 अगस्त को किया गया। वे मुकेश कश्यप, सुरेश कश्यप के पिता एवं शिक्षक संतोष कश्यप, विजय कश्यप व रमेश कश्यप के भाई थे। उनके अंतिम यात्रा में नगर के स्वजातीय बंधु एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## रामाधीन यादव

**बिर्रा।** आदर्श ग्राम गतवा के प्रतिष्ठित नागरिक रामाधीन यादव का शनिवार 10 अगस्त को निधन हो गया। वे 68 वर्ष के थे। वे अपने पीछे तीन पुत्रों और दो पुत्री सहित भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र पिताम्बर यादव ने दी। उनके अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## अनमोल वचन......

जैसे सूर्योदय होते ही अंधकार दूर हो जाता है
वैसे ही मन की प्रसन्नता से सारी बाधाएं शांत हो जाती है।

# छोटे किसान खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत

वैश्विक खाद्य सुरक्षा के साथ पोषण भी काफी जरूरी है। कृषि अर्थशास्त्रियों के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र का यह कहना बेहद अहम है। इसकी कई वजहें हैं। खाद्यान्न उत्पादन में भारत हमेशा से समृद्ध और सक्षम रहा है। आजादी के वक्त भले हमारी स्थिति कमजोर थी और खाद्य सुरक्षा चुनौती थी, मगर आज हम खाद्य अधिशेष देश हैं। दूध, दाल एवं कई मसालों का सबसे बड़ा व खाद्यान्न, फल-सब्जी, कपास, चीनी, चाय व मछली का दूसरा बड़ा उत्पादक हैं। दरअसल, यह सबकुछ संभव हुआ है खेती में नई नीतियों का समायोजन करके। चूंकि भारत में छोटे किसान खाद्य सुरक्षा की सबसे बड़ी ताकत हैं इस नाते भारत वैश्विक हो रही खाद्यान्न समस्या को सही और समग्र तरीके से समझने वाला देश है और इसके निदान के लिए भारत के मॉडल कई देशों के काम आ सकते हैं। देश की 70 फीसद से ज्यादा की आबादी खेती-किसानी करती है। भारतीय अर्थव्यवस्था को विस्तार और ताकत देने में खेती का बहुमूल्य योगदान है। साफ है कि कृषि हमारी आर्थिक नीतियों के केंद्र में है। जहां तक बात वैश्विक तौर पर खाद्य संकट को दूर करने की है तो भारत ने ऐसे कई उपाय तलाशे हैं, जिससे इस बड़ी समस्या को हल किया जा सकता है। इसमें प्राकृतिक खेती का चलन सबसे कारगर है। अच्छी बात है कि इसके परिणाम भी सुखद आ रहे हैं। स्वाभाविक है सरकार के लिए यह वाकई सुखकारी स्थिति है। यही वजह है कि इस बार के बजट में कृषि के सतत विकास पर बड़ा फोकस है। हां, चुनौती भी हमारे दरपेश है। क्योंकि जलवायु में हाहाकारी बदलाव ने कृषि के रंग-ढंग को बदल कर रख दिया है। इस नाते शोध की जरूरत आन पड़ी है। हालांकि हमारा जोर शोध व नवाचार पर है और जलवायु के अनुकूल फसल की 1900 प्रजातियां हमने दुनिया को दी हैं। पानी की कमी या चावल उत्पादन में पानी की भारी जरूरत ने यह चर्चा भी तेज कर दी है कि हमें अब ऐसी फसल के उत्पादन पर सोच-समझकर फैसला लेना होगा, जहां पानी की ज्यादा जरूरत पड़ती है। इन सबके बावजूद कृषि की हमारी प्राचीन मान्यताओं के दम पर हमें यह कहने में कतई गुरेज नहीं कि वैश्विक खाद्य संकट का निदान हम ही दे सकते हैं। पूरी दुनिया हमारी काबिलियत से वाकिफ है और यही हमारी ताकत भी है।

## राशिफल

मेष राशि:छात्रों के करियर में आज कुछ नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। आज आपका अपने प्रियजनों के साथ बहुत ही बेहतरीन समय बीतेगा। घरेलू कामों में रुचि बनी रहेगी और रिलैक्स महसूस करने के लिए मनोरंजन संबंधी योजनएं भी बन सकती हैं।

वृष राशि:आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। व्यवस्थित दिनचर्या और खान-पान आपका स्वास्थ्य ठीक रखेगा। और आप स्वयं को स्वस्थ और ऊर्जावान महसूस करेंगे। आप अपने दम पर हर काम को करने की क्षमता रखेंगे। व्यवसायिक उथल-पुथल और आर्थिक स्थिति की वजह से परिवार के सदस्यों के खर्चों में कटौती करनी पड़ सकती है। अगर घर के रखरखाव संबंधी योजनएं बन रही हैं, तो वास्तु सम्मत नियमों का भी पालन करन उचित रहेगा।

मिथुन राशि:आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। माता-पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे, आपके कामों में आपकी मदद भी करेंगे। आज आपके स्वभाव में वहम और गुस्से की स्थिति देखने को मिल सकती है जिसकी वजह से परिवार के लोग भी परेशान रहेंगे।

कर्क राशि:आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आज मीडिया और कम्युनिकेशन से संबंधित व्यवसाय में उपलब्धियों के योग बन रहे हैं। इस उचित समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। व्यवसायिक पार्टियों के साथ संबंध मधुर बनने का प्रयास करेंगे। आज पारिवारिक मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें। इससे घर का वातावरण सुखद और शांतिपूर्ण बन रहेगा।

सिंह राशि:आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा। कई तरह के विचारों का आदान- प्रदान रहेगा। आज घर में काफी समय बाद निकट संबंधियों का आगमन होगा और आपसी विचारों को साझा करने से घर के वातावरण को खुशनुमा बनकर रखेगा। आज बच्चों के साथ उनके क्रियाकलापों में रुचि लेन और सहयोग करन उनके आत्मविश्वास को और अधिक बनएगा।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आज घर से संबंधित किसी समस्या का समाधान मिलने वाला है। बेहतर होगा कि वरिष्ठ सदस्य की सलाह और मार्गदर्शन करते हुए ध्यान दें। आप तनव मुक्त होकर अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ध्यान दे पाएंगे। बच्चों की शिक्षा और करियर से संबंधित भी कोई काम हो सकता है। आज बिजनेस में आपको अच्छे ऑर्डर मिल सकते हैं।

तुला राशि:आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। इस समय बढ़ते खर्चों में कटौती संभव नहीं है। धैर्य और संयम रखें और गुस्से के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालेंगे। फालतू बातों में ध्यान न दे, और अपने काम में ही व्यस्त रहें। आज दोपहर बाद परिस्थितियां सकारात्मक रहेंगी। आज समय का उचित सदुपयोग करेंगे तो आपको लाभ मिलने के योग हैं। आज आप व्यक्तिगत कार्यों के साथ-साथ सामाजिक व्यवस्था को बेहतर बनने जैसे कार्यों में भी रुचि लेंगे।

वृश्चिक राशि:आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज काफी हद तक तनवमुक्त महसूस करेंगे।आज बहुत व्यवस्थित रहने का समय है। आज आप ध्यान रखेंगे कि आपकी बात से किसी को आघात न पहुंचे। अपनी महत्वपूर्ण चीजों की संभाल खुद करेंगे। आज व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय पर अधिक ध्यान नहीं दे पाएंगे। परंतु कर्मचारियों का सहयोग आपको तनव मुक्त भी रखेगा।

धनु राशि:आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। अपने कार्यक्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, उसके भी भविष्य में बेहतर परिणाम हासिल होंगे। कोई ऑफिशियल यात्रा भी करनी पड़ सकती है। प्रमोशन की भी संभावनएं बन रही है। दांपत्य जीवन में एक दूसरे के प्रति सम्मानजनक भावनएं रहेंगी और घर में सुकून भरा और खुशनुमा माहौल रहेगा। भावुकता में लिया गया निर्णय गलत साबित हो सकता है आज किसी पर भी ज्यादा विश्वास रखन उचित नहीं है।

मकर राशि:आज आपका दिन कॉन्फिडेंससे भरा रहेगा। आज ऑफिस के काम में आप थोड़े बिजी होंगे। आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खान पान पर विशेष ध्यान दें। आज राजनैतिक और अनुभवी व्यक्ति की सलाह और मदद आपके व्यवसाय को नई दिशा देगी। आर्थिक स्थिति आज सामान्य बनी रहेगी।

कुंभ राशि:आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस समय अपने व्यक्तिगत कार्यों पर ज्यादा ध्यान दें। पिछले कुछ समय से चल रही परेशानियों से राहत मिलेगी। आज अचानक ही आपको कहीं से सहयोग और उचित सलाह भी हासिल होगी। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों को कोई शुभ सूचन मिल सकती हैं।

मीन राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज योजनबद्ध तरीके से अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करें, इससे आपके कार्य सफल होंगे। नजदीकी संबंधी से चल रहे मन-मुटाव दूर होने से संबंधों में मधुरता आएगी। परिवार के साथ कोई मनोरंजक प्रोग्राम भी बनेगा। व्यवसाय में बहुत ही संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

# पडोसी देशों में भारत-विरोधी सरकारों के गठन की चिन्ता

//ललित गर्ग//

**हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत के पडोसी देशों में अस्थिरता एवं अराजकता का माहौल चिन्ताजनक है। बांग्लादेश के साथ-साथ भारत के पड़ोसी मुल्कों में हुए हालिया अराजक, हिंसक एवं अस्थिरता के घटनाक्रमों से एक तस्वीर बनती है एवं एक सन्देश उभर कर आता है, वह है, चीनी के द्वारा भारत विरोधी सरकारों के गठन की साजिश। सिर्फ बांग्लादेश ही नहीं, बल्कि मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और श्रीलंका में राजनीतिक उथल-पुथल और तख्तापलट के बाद अस्तित्व में आई सरकारों ने भारत के लिए चुनौतीपूर्ण हालात पैदा कर दिए हैं। भारत को सतर्क एवं सावधानी बरतने की जरूरत है। अब सवाल ये उठते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों में हो रही इस अराजकता एवं अस्थिरता के कारण क्या हैं। यह सिर्फ एक संयोग है या फिर साजिश? क्या इसके पीछे चीन का हाथ है। क्या पाकिस्तान भी इसके लिये जिम्मेदार है। पड़ोसी देशों में पनप रही इस राजनीतिक अस्थिरता का भारत पर क्या असर होगा।**

इसकी भरी-पूरी आशंका है कि चीन ने पाकिस्तानी तत्वों के जरिये शेख हसीना विरोधी आंदोलन को हवा दी। निश्चित ही शेख हसीना की छवि एक अधिनायकवादी शासक की बनी और पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका उनकी निंदा करने में मुखर हो उठा। अमेरिका उनकी नीतियों से पहले से ही खफा था, क्योंकि वह मानवाधिकार और लोकतंत्र पर उसकी नसीहत सुनने को तैयार नहीं थीं। उनका सत्ता से बाहर होना भारत के लिए अच्छी खबर नहीं है, बांग्लादेश में एक अर्से से भारत विरोधी ताकतें सक्रिय हैं। उनका भारत विरोधी चेहरा आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान भी दिखा। यह ठीक नहीं कि हिंसक प्रदर्शनकारी अभी भी हिंदुओं और उनके मंदिरों के साथ भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बना रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां चीन और पाकिस्तान ने मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान और श्रीलंका में खड़ी की है।

हसीना का जाना या उनका निष्कासन चीन एवं पाकिस्तान की साजिशों का परिणाम है, जो भारत के लिए कई मायनों में झटका है। इसका यह मतलब भी है कि भारत ने पड़ोस में अपने इकलौते स्थिर साथी को अब खो दिया है। भारत अपने चारों ओर से बदहाल, कट्टरवादी, अराजक एवं अस्थिर पड़ोसियों से घिरा है। हमारे पड़ोस में अफगानिस्तान है, जिस पर कट्टरपंथी तालिबान का राज है। भारत-विरोधी समूहों को समर्थन देने का उसका एक काला इतिहास रहा है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन देश ही है। एक बेहद अशांत पड़ोस, जो कट्टरपंथियों, सैन्य शासकों, दिवालिया अर्थव्यवस्थाओं और जलवायु-परिवर्तन के कारण डूबते देशों में अग्रणी है। अपनी आर्थिक बदहाली के बावजूद वह भारत विरोधी षडयंत्र रचता ही रहता है। वह राजनीतिक अस्थिरता का पर्याय है। विडम्बना देखिये कि पाकिस्तान के एक भी वजीरे-आजम ने अपना कार्यकाल पूरा नहीं किया है। हमेशा वहां की फौज ने उनके कार्यकाल में टांग डाली है। दक्षिण में श्रीलंका और मालदीव हैं। श्रीलंका 2022 में दिवालिया हो गया था। वहां से सामने आई तस्वीरें एवं घटनाक्रम आज के बांग्लादेश से काफी मिलती-जुलती रही हैं। वहां भी प्रदर्शनकारियों ने बड़ा जनआंदोलन किया और जनता ने राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, जिस कारण राष्ट्रपति गोटाबाया को देश छोड़कर भागना पड़ा था। आर्थिक दिवालियेपन का शिकार यह देश चीन के कर्ज के जाल में फंसा हुआ है। श्रीलंका के कर्ज का एक बड़ा हिस्सा चीन का था, जिस कारण चीन ने यहां के हंबनटोटा बंदरगाह पर कब्जा कर लिया था। हालात यह हो गए थे कि श्रीलंका का विदेशी मुद्रा भंडार खाली हो गया था।

मालदीव एक समय भारत का सहयोगी हुआ करता था। वहां की अर्थव्यवस्था चीन और भारत पर निर्भर है। हालांकि, मालदीव की भारत से नजदीकी हमेशा चीन को खटकती थी, जिस कारण उसने इस देश को अपने कर्ज के जाल में फंसाया। धीरे-धीरे इस देश की माली हालत बुरी होने लगी, जिसके बाद यहां चीन समर्थक और इंडिया आउट का नारा देने वाले मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनी। पाकिस्तान एवं चीन के दबाव में उनके नए राष्ट्रपति के सुर बदले हुए हैं। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। मुइज्जू ने राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले चीन का ही दौरा किया था और इसके बाद उन्होंने कई भारत विरोधी फैसले किए, जिसमें मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी भी शामिल थी। वहां भारत-विरोधी स्वर उग्रतम बने हुए हैं। नेपाल बीते कई सालों से राजनीतिक अस्थिरता के दौरे से गुजर रहा है। हाल ही में यहां एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हुआ और प्रो-भारत माने जाने वाली प्रचंड सरकार सत्ता से बाहर हो गई। अब यहां चीन समर्थक केपी शर्मा ओली की सरकार है। ओली इससे पहले 2015-16 में नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उस समय भारत और नेपाल के संबंध काफी तनावपूर्ण रहे थे। नेपाल में गत 16 वर्षों में 14 सरकारें बदल चुकी हैं। हालात इतने बदहाल हैं कि वहां पर कुछ लोग राजशाही को फिर से बहाल करना चाहते हैं। नेपाल में भी चीन ने जाल बिछा रखा है। चीन विस्तारवादी, अलोकतांत्रिक और अपने आस-पड़ोस के देशों के साथ धौंस-डपट करने वाला देश है। वह भारत के भूखंडों पर अपनी मिल्कियत जताता रहता है। भूटान में घरेलू राजनीति स्थिर है, लेकिन वह चीन के साथ सीमा-समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहता है, और यह भारत के लिए चिंता का बड़ा कारण है। भारतीय उपमहाद्वीप के मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान और श्रीलंका के बाद अब बांग्लादेश में उत्पन्न होने वाली प्रतिकूल परिस्थितियों को दुनिया चुपचाप सब देख रही है, वहीं भारत इसके लिए खुद को तैयार कर रहा है, क्योंकि बांग्लादेश की घटनाओं का उस पर सीधा असर होगा। भारत शांति कायम रखने एवं पडोसी देशों से मित्रता कायम रखने के अपने संकल्पों एवं रणनीतियों के लिए इन देशों पर भरोसा नहीं कर सकता। हमारे इर्द-गिर्द मची उथलपुथल, अस्थिरता एवं अराजकता हमारे वैश्विक एजेंडे को भी बाधित करती है। भारत की आबादी 1.4 अरब है। उसके सभी पड़ोसियों की कुल आबादी 50 करोड़ है। अर्थव्यवस्था के साथ भी ऐसा ही है। भारत की जीडीपी तीन ट्रिलियन डॉलर है। बाकी सब मिलाकर लगभग एक ट्रिलियन हैं। भारत समर्थ है, शक्ति सम्पन्न है, दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, इसलिये उसे अधिक बलों की तैनाती, अधिक रक्षा खर्च और सीमाओं पर अधिक बुनियादी ढांचों का निर्माण करना होगा। क्योंकि भारत के सभी पडोसी देशों पर चीन का दबदबा है और उसके दबाव में भारत के लिये कभी भी संकट बन सकते हैं।

बांग्लादेश के घटनाक्रम पर भारत की सतर्कता, विवेक एवं समझदारी सराहनीय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पडोसी देशों में उत्पन्न हालातों पर समझ एवं संयम से कदम उठाती रही है। बांग्लादेश की तख्तापलट घटनाओं पर भी उसने पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई, विपक्षी दलों ने महत्वपूर्ण भूमिका के साथ अपनी बात रखी। ऐसे ज्वलंत मुद्दों पर सर्वसम्मति बनना जीवंत लोकतंत्र का प्रमाण है। ऐसा अनुकरणीय उदाहरण पडोसी देशों में न मिलना ही उनकी अस्थिरता एवं अराजकता का बड़ा कारण है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी स्थिति कतई नहीं बननी चाहिए कि जहां राजनीतिक दलों के बीच दूरियां इस कदर बढ़ जायें कि फौज का दखल देना पड़े या पडोसी देश अपनी स्वार्थों की रोटियां सेंकने में सफल हो जाये। भारत के पडोसी देशों के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। इन पडोसी देशों के नेता दो तरह के हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो सभी पडोसी देश मिलकर विश्व में एक बड़ी ताकत बन सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है। नेतृत्व के नीचे शून्य तो सदैव खतरनाक होता ही है पर यहां तो ऊपर-नीचे शून्य ही शून्य है। इन पडोसी देशों के स्तर पर तेजस्वी और खरे नेतृत्व का नितान्त अभाव है। भारतीय उपमहाद्वीप के देशों के केनवास पर शांति, प्रेम, विकास और सह-अस्तित्व के रंग भरने की अपेक्षा है। भारत इस स्थिति में है, उसे मनोबल के साथ पडोसी देशों में स्थिरता, शांति, लोकतंत्र एवं आपसी समझ की ज्योत जलाने के लिये तत्पर रहना चाहिए, जो उन देशों के साथ भारत के लिये भी जरूरी है।

# लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति से सीधे क्यों भिड़ने लग गया है विपक्ष

//नीरज कुमार दुबे//

**वर्तमान लोकसभा में एक बात यह अच्छी नजर आ रही है कि सरकार के साथ-साथ विपक्ष भी खूब सक्रिय नजर आ रहा है। पिछली दो लोकसभा में चूंकि औपचारिक रूप से कोई नेता प्रतिपक्ष ही नहीं था इसलिए विपक्ष प्रभावी भूमिका में नहीं दिख रहा था। संसद का मॉनसून सत्र इस बात के लिए खासतौर पर याद किया जायेगा कि इस दौरान कई बार ऐसा देखने को मिला कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला और राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ से विपक्षी सदस्यों ने जानबूझकर उलझने का प्रयास किया। दोनों सदनों के सभापतियों पर विपक्ष ने तमाम तरह के आक्षेप लगाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाये। संभवतः ऐसा इसलिए किया गया ताकि आसन की निष्पक्षता को संदेह के कठघरे में खड़ा किया जा सके।**

खास बात यह है कि विपक्षी सदस्यों ने सदन की सदस्यता की शपथ लेते समय संविधान की प्रति हाथ में ले रखी थी लेकिन उसी संविधान के नियमों से बनी सदन के संचालन की नियम पुस्तिका में लिखे निर्देशों का पालन करने में वह कोताही बरतते हैं। ताजा मामला समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन का है जिन्होंने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को नाहक ही विवाद में घसीटा कर गलत परम्परा कायम की। इस बार के सत्र के दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही पर गौर करेंगे तो ऐसा लगेगा कि सरकार को छोड़ कर विपक्ष अब लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा सभापति से सीधे भिड़ते रहने की रणनीति पर चल रहा है।

इसके अलावा, इस बार यह भी देखने को मिला कि विभिन्न विधेयकों पर चर्चा के दौरान एक दूसरे पर हमला कर रहे पक्ष-विपक्ष के नेता मूल मुद्दों और समस्याओं पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रहे थे। नेताओं के संबोधनों में सुर्खियों में आने लायक और उनके भाषणों को वायरल बनाने लायक सामग्री तो थी लेकिन देश की वर्तमान समस्याओं का हल सुझाने या भविष्य की जरूरतों को पूरा करने वाले सुझावों का नितांत अभाव था। देखा जाये तो संसद की कार्यवाही के संचालन पर देश का करोड़ों रुपया खर्च होता है इसलिए सांसदों को चाहिए कि वह सिर्फ अपने राजनीतिक प्रभुत्व को बढ़ाने पर ध्यान देने की बजाय जनहित के मुद्दों को उठाने और जनता की समस्याओं का हल निकलवाने को प्राथमिकता दें। हालांकि वर्तमान लोकसभा में एक बात यह अच्छी नजर आ रही है कि सरकार के साथ-साथ विपक्ष भी खूब सक्रिय नजर आ रहा है। पिछली दो लोकसभा में चूंकि औपचारिक रूप से कोई नेता प्रतिपक्ष ही नहीं था इसलिए विपक्ष प्रभावी भूमिका में नहीं दिख रहा था।

उस समय संसद में बिना बहस के ही कई अहम विधेयक पारित हो जा रहे थे। लेकिन अब लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने के बाद से राहुल गांधी जिस तरह जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठा रहे हैं उससे सरकार अपने मन मुताबिक काम नहीं कर पा रही है। वैसे यह अच्छी बात है कि अब जिन विधेयकों पर आम राय नहीं बन रही है उन्हें संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जा रहा है। गौरतलब है कि पिछली लोकसभा में ऐसा देखने को नहीं मिलता था।

# सबका साथ-सबका विकास की जमीनी हकीकत

2014 में प्रधानमंत्री के रूप में मोदीजी ने पदभार संभालते ही सबका साथ-सबका विकास का नारा दिया और पूरी लगन से इस पर अमल भी किया और आज भी किया जा रहा है । कालांतर में इसमें सब का विश्वास और सब का प्रयास भी जोड़ दिया गया । परन्तु तेजी से अन्य पार्टियों के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं और स्वयं भाजपा के कुछ प्रवक्ता इसमें पलीता लगा रहे हैं, उसे चिंता बढ़ रही है । इसी कारण पिछले दिनों मोदी जी ने न केवल भाजपा के अपितु सहयोगी दलों को सभी प्रवक्ताओं का बायोडाटा मांगा है ताकि स्क्रीनिंग की जा सके । यह जरूरी भी है क्योंकि अनेक प्रवक्ता पार्टी लाइन के बाहर या भड़काऊ या विपदा पैदा करने वाले बयान दे देते हैं । कई बार अन्य राजनैतिक दलों के नेताओं का नाम लेकर भी उनका मज़ाक उड़ाया जाता है । मोदीजी का नया नारा है पार्टी से बढ़कर देश वे कहते हैं हमें 2047 में भारत को विश्व का सिरमौर बनाना होगा । उनके अनुसार पार्टियों का संघर्ष 2024 के चुनाव के बाद खत्म हो गया, अब हमें पार्टी लाइन से ऊपर उठकर देश के बारे में सोचना है । भारत में छः ग्रुप अल्पसंख्यक माने जाते हैं । सिख, जैन, ईसाई, पारसी, मुसलमान और बौद्ध। इस समय केन्द्रीय मंत्रिमंडल में रवनीत सिंह व हरदीप पुरी सिख हैं । रामदास आठवले बौद्ध हैं । मंत्रिमंडल में ईसाई और जैन भी हैं । अब कोई पारसी मंत्रिमंडल में नहीं हैं । स्मृति ईरानी अमेठी से हारने के बाद अब उन्हें मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है । वैसे वे पारसी इस कारण हैं कि उन्होंने एक पारसी से शादी की है । परन्तु मंत्रिमंडल में कोई भी मुसलमान मंत्री नहीं है । असल में भाजपा का कोई भी सांसद मुसलमान नहीं हैं । यूं सहयोगी पार्टियों के कई सांसद मुसलमान हैं ।असल में जमीनी स्तर पर कोई भेदभाव नहीं होता है । झुग्गी झोपड़ी वालों को फ्री घर मिलने में मुसलमान भी शामिल हैं । मुस्लिम महिलाओं को भी फ्री गैस सिलेण्डर मिला है । किसी भी सरकारी स्कीम में कोई भेदभाव नहीं है । परन्तु जब कांवड़ यात्रा के दौरान मस्जिदों और मज़ारों को ढंकने की बात आती है या मुसलमानों द्वारा हिन्दू देवी-देवताओं के नाम पर दुकान/होटल चलाने में आपत्ति होती है तो चिंता स्वाभाविक है । देश में ऐसा कोई कानून नहीं है कि कोई भी मुसलमान हिन्दू नाम नहीं रख सकता अपनी दुकान का । बात शुद्धता है । अनेक मुसलमानों ने कांवडियों के लिए शिविर लगाये हैं । वे उन पर पुष्प वर्षा करते हैं । उग्र हिन्दुत्व से देश का भला नहीं होने वाला है । आजकल संबित पात्रा का नाम सुनाई नहीं पड़ता । वे 2019 के लोकसभा चुनाव में पुरी (उड़ीसा) से हार गये थे । परन्तु 2024 में वे पुरी से जीत कर अब सांसद हैं । इसका एक बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस की महिला उम्मीदवार ने अपना नाम वापिस ले लिया था । शायद संबित पात्रा उड़ीसा के मुख्यमंत्री बनना चाहते हों । उन्हें केन्द्रीय मंत्रिमंडल में भी जगह नहीं मिली है । जो भी हो वे एक कुशल ई.एन.टी. सर्जन हैं ।

## तस्वीरों की दुनिया



आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी मार्लेना, आप सांसद संजय सिंह और पार्टी के अन्य सदस्य नई दिल्ली के राजघाट पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।



स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आप नेता और विधायक दुर्गेश पाठक, आप नेता गोपाल राय, आप सांसद संजय सिंह, आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज, दिल्ली की मेयर शैली ओबेरॉय और अन्य पार्टी नेता।



केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुजरात के राजकोट में भव्य तिरंगा यात्रा में भाग लिया।



आप नेता और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन किए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वायनाड में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया।



विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नई दिल्ली में प्रगतिशील गठबंधन के चुनिंदा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वायनाड में राहत शिविर में भूस्खलन के पीड़ितों और बचे लोगों से मुलाकात करते हुए।



## सैकड़ों जवानों की तैनाती, 71 घंटे में पुल तैयार, वायनाड भूस्खलन के बाद जब एक्शन में आई मोदी सरकार

**केरल, 11 अगस्त [एजेंसी]।**

केरल के वायनाड में भूस्खलन की त्रासदी के बाद केंद्र सरकार ने तत्काल कदम उठाते हुए घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्यों के लिए सेना, वायु सेना, नौसेना, एनडीआरएफ, अग्निशमन सेवाओं और सिविल डिफेंस सहित अन्य विभागों के 1,200 से अधिक कर्मचारियों को तैनात किया था। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि चिकित्सा सहायता और उपचार के लिए चिकित्सकों और अन्य कर्मचारियों के साथ 100 से अधिक एंबुलेंस तैनात की गईं। भारतीय सेना ने वायनाड में 190 फुट लंबा बेली ब्रिज (अस्थायी पुल) बनाया, जिससे प्रभावित स्थलों तक भारी साजो सामान और एंबुलेंस की आवाजाही सुनिश्चित हो सकी और राहत और बचाव कार्य में तेजी आई।

इसके चलते पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण फंसे लगभग 200 लोगों को बचाने के लिए काम किया जा सका। यह पुल 71 घंटे में बनकर तैयार हो गया। उन्होंने बताया कि अब तक 520 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। एनडीआरएफ की बचाव टीमों द्वारा 112 शव बरामद किए गए हैं। इस साल केरल एसडीआरएफ के खाते में एक अप्रैल को लगभग 395 करोड़ रुपये थे।

# सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़, दो जवान बलिदान, 2 नागरिक सहित छह घायल

**श्रीनगर, 11 अगस्त [एजेंसी]।**



दक्षिण कश्मीर के गंगरमुंड-कोकरनाग में शनिवार को आतंकियों के साथ मुठभेड़ में दो जवान बलिदान हो गए। दो नागरिकों सहित 6 लोग घायल हो गए। घायल जवानों की हालत नाजुक बनी हुई है। अनंतनाग के एक वन क्षेत्र में 10 हजार फीट की ऊंचाई पर आतंकवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ हो गई थी। अन्य सुरक्षाबलों ने आतंकियो को घेर लिया और दोनों तरफ से देर शाम तक रुक-रुक कर गोलीबारी जारी थी। अनंतनाग से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस को आज सुबह अपने तंत्र से सूचना मिली थी कि आतंकियों को एक दल दल कोकरनाग में गडोल आहलन के ऊपरी हिस्से में देखा गया है। पुलिस ने सूचना मिलते ही सेना और सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने के लिए एक अभियान चलाया। दोपहर दो बजे के करीब जब जवान तलाशी लेते हुए गगरमुंड इलाके में पहुंचे तो वहां छिपे आतंकियों ने उन्हें देख लिया।आतंकियों ने जवानों पर पहले ग्रेनेड फेंका और उसके बाद उन्होंने अपने स्वचालित हथियारों से फायरिंग की। इसमें दो जवान बलिदान और चार जवान घायल हो गए। घायल जवानों की हालत नाजुक है। अन्य जवानों ने अपने घायल साथियों को वहां से हटाते हुए ,आतंकियों पर जवाबी प्रहार किया। इसके साथ ही वहां मुठभेड़ शुरू हो गई जो देर शाम तक मुठभेड़ जारी रही। संबधित अधिकारियों ने बताया कि दोनों घायल जवानों को उपचार के लिए श्रीनगर स्थित सेना के बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि आतंकियों की संख्या दो से तीन है।उन्होंने बताया कि जिस इलाके में यह मुठभेड़ हो रही है, वहां शाम को मौसम में बिगड़ गया था, इसलिएआतंकियों को मार गिराने में समय लग रहा है। आतंकियों के बच निकलने के सभी रास्तों को बंद किया जा रहा है।यहां यह बताना असंगत नहीं होगा कि गडोल में ही बीते वर्ष सितंबर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एक भीषण मुठभेड़ में सेना का एक कर्नल, एक मेजर और जम्मू कश्मीर पुलिस का एक डीएसपी बलिदानी हुए थे।इस मुठभेड़ में एक स्थापीय आतंकी मारा गया था। इस बीच,पुलिस ने जिला कठुआ की उच्च पर्वतीय इलाकों में सक्रिय चार विदेशी आतंकियों के स्कैच जारी कर, प्रत्येक पर पांच लाख का इनाम घोषित किया है।पुलिस के अनुसार, यह आतंकी बीते कुछ दिनों से मच्छेड़ी, लोई मल्हार, बनी और सरथल के इलाके में घूम रहे हैं। इन्हें वहां कुछ ढोकों में भी देखा गया है।यह वही आतंकी हैं जिन्होंने आठ जुलाई को बदनौटा में सैन्य दल पर हमला किया था। हमले में पांच जवान बलिदानी हुए थे। पुलिस ने प्रत्येक आतंकी पर पांच लाख का इनाम घोषित किया है।

## महिला डॉक्टर हत्या मामले में आईएमएने दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम, राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन की चेतावनी



**दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने कोलकाता के एक सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या के मामले की जांच पूरी करने के लिए शनिवार को अधिकारियों को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया और चेतावनी दी कि अगर इस अवधि के भीतर दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे।आईएमए ने निष्पक्ष, समयबद्ध जांच की मांग की और साथ ही कार्यस्थल पर चिकित्सकों, खासकर महिलाओं की सुरक्षा में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाने के साथ ही अपराध को बढ़ावा देने वाली स्थितियों की विस्तृत जांच कराने को कहा।आईएमए ने कहा कि अगर शिक्षा संस्थानों में सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकती है तो यह प्रशासन की अक्षमता का संकेत है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सेमिनार हॉल में शुक्रवार को स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक का शव पाया गया था। आईएमए ने कहा कि हम अधिकारियों से 48 घंटे के भीतर और सटीकता से कार्रवाई करने की मांग करते हैं नहीं तो आईएमए देशव्यापी प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा। पश्चिम बंगाल पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वह व्यक्ति बाहरी था और अस्पताल के विभिन्न विभागों में उसका बेरोकटोक आना जाना था।

## आईएएस अधिकारी टी वी सोमनाथन बने मोदी सरकार में कैबिनेट सचिव, राजीव गौबा की लेंगे जगह



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आइएएस अधिकारी टीवी सोमनाथन को शनिवार को कैबिनेट सचिव नियुक्त किया गया। वह राजीव गौबा का स्थान लेंगे, जो इस महीने अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी सोमनाथन इस समय केंद्रीय वित्त सचिव हैं।इस बीच, सरकार जल्द ही नए केंद्रीय गृह सचिव की नियुक्ति कर सकती है। गृह सचिव अजय कुमार भल्ला का कार्यकाल 22 अगस्त को पूरा हो रहा है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सोमनाथन को 30 अगस्त 2024 से दो वर्ष के कार्यकाल के लिए कैबिनेट सचिव के रूप में नियुक्त करने को मंजूरी दी है।नियुक्ति समिति ने कैबिनेट सचिवालय में ओएसडी (आफिसर आन स्पेशल ड्यूटी) के रूप में सोमनाथन की नियुक्ति को भी मंजूरी दी है। इस पद पर उनकी नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से कैबिनेट सचिव का पदभार ग्रहण करने तक के लिए रहेगी।सोमनाथन ने 2015 से 2017 के बीच दो साल से अधिक समय तक प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्य किया। इसके बाद उन्होंने दिसंबर 2019 में व्यय सचिव के रूप में नियुक्त होने से पहले तक अपने कैडर राज्य में कार्य किया।सोमनाथन को अप्रैल 2021 में वित्त सचिव नियुक्त किया गया। सोमनाथन चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) हैं।

# चटगांव में 7 लाख हिंदुओं का प्रदर्शन, अत्याचार के खिलाफ उठाई आवाज, मुहम्मद यूनुस ने क्या कहा

**चटगांव, 11 अगस्त [एजेंसी]।**

हिंदुओं पर हमलों के विरोध में शनिवार को बांग्लादेश में जोर की आवाज उठी। सात लाख से ज्यादा हिंदुओं ने चटगांव के चेरगी पहाड़ इलाके में एकत्रित होकर अपने ऊपर हुए अत्याचारों पर विरोध जताया। उन्होंने अपनी सुरक्षा और देश में बराबरी का अधिकार दिए जाने की मांग की। हिंदुओं ने कहा कि सुरक्षा न मिलने पर उनकी आवाज और तेज होगी। यह जनसमूह पूरे देश से आकर एकत्रित हुआ था। हिंदुओं पर हमले के कारण अंतरराष्ट्रीय दबाव महसूस कर रहे सरकार प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने शनिवार को हिंदुओं पर हुए हमलों घृणित बताते हुए उनकी निंदा की और उन्हें रोकने की युवाओं से अपील की। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए हमलों की गूंज अमेरिका तक पहुंच गई है और वहां के हिंदू सांसदों ने बाइडन सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ही हिंदुओं पर हमले पर चिंता जता चुके हैं और उन्होंने बांग्लादेश की




अंतरिम सरकार से हमलों को रोकने और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है।बांग्लादेश में प्रधानमंत्री पद से शेख हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर चार अगस्त से शुरू हुए हिंसक आंदोलन में हिंदुओं पर लगातार हमले हुए हैं।

चार, पांच और छह अगस्त को देश के 64 जिलों में से 52 में रहने वाले हिंदुओं पर हमले हुए। इन हमलों में 205 स्थानों पर हिंदुओं की संपत्तियों और मंदिरों को निशाना बनाया गया।इन घटनाओं में दो लोग मारे गए और 45 लोग घायल हुए हैं। इन घटनाओं का ब्योरा देते हुए बांग्लादेश हिंदू, बौद्ध, ईसाई एकता परिषद और बांग्लादेश पूजा उद्जापन परिषद ने अंतरिम सरकार से हमलों को तत्काल रोकने की मांग की है। हमलों से पीड़ित हजारों हिंदू भारत जाने के लिए सीमा पर पहुंचे लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। इन हमलों के विरोध में और सुरक्षा की मांग को लेकर हजारों हिंदुओं ने ढाका में प्रदर्शन किया था। शनिवार को रंगपुर में बेगम रुकैया यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने छात्रों से कहा, आपके संघर्ष को बेमानी साबित करने के लिए बहुत सी ताकतें खड़ी हुई हैं, इसलिए आप यह मौका हाथ से जाने न दें।

## मनसे कार्यकर्ताओं ने उद्धव के काफिले पर फेंके टमाटर और नारियल, महिलाओं ने फेंकी चूड़ियां



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले में शुक्रवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) अध्यक्ष राज ठाकरे की गाड़ी के सामने सुपारी फेंके जाने का बदला शनिवार को मनसे कार्यकर्ताओं ने ठाणे में उद्धव ठाकरे के काफिले पर टमाटर, नारियल और चूड़ियां फेंककर ले लिया। नारियल फेंके जाने से उद्धव के काफिले की तीन-चार गाड़ियों के कांच भी टूट गए। हंगामे के बाद कुछ मनसे कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है।शनिवार देर शाम ठाणे के राम गणेश गडकरी रंगायतन सभागार में उद्धव ठाकरे की सभा थी। उद्धव इस सभा में भाग लेने के लिए जैसे ही पहुंचने वाले थे, आसपास पहले से मौजूद मनसे कार्यकर्ताओं ने रास्ते से ही उनके काफिले पर टमाटर, नारियल एवं चूड़ियां फेंकनी शुरू कर दीं।मनसे कार्यकर्ता उद्धव ठाकरे के विरोध में और राज ठाकरे के पक्ष में नारे लगा रहे थे। सभा स्थल पर उद्धव ठाकरे के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। दोनों गुटों में टकराव की नौबत आने से पहले ही पुलिस ने हस्तक्षेप कर राज गुट के कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया।

## हिंडनबर्ग ने सेबी प्रमुख माधबी पर लगाए आरोप, कहा- अदाणी घोटाले में इस्तेमाल कंपनियों में थी हिस्सेदारी

HINDENBURG RESEARCH

**नईदिल्ली, 11 अगस्त [एजेंसी]।**

18 महीने पहले अदाणी समूह पर आरोप लगाकर शेयर बाजारों में उथल-पुथल मचाने वाला हिंडनबर्ग रिसर्च एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। पिछले सारे आरोपों को जांच के आधार पर सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है। अब अमेरिका की शार्ट-सेलर फर्म ने सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच को लेकर सवाल उठाए हैं। हिंडनबर्ग ने शनिवार को एक ब्लॉग पोस्ट में आरोप लगाया कि अदाणी समूह की कंपनियों में हेरफेर के लिए इस्तेमाल किए गए अस्पष्ट आफशोर (विदेश में स्थित) फंड में माधबी पुरी बुच और उनके पति धवल बुच की हिस्सेदारी थी। शार्ट-सेलर फर्म ने आरोप लगाया कि सेबी ने अदाणी के मारीशस और आफशोर शेल संस्थाओं के कार्रवाई में रुचि नहीं दिखाई है। व्हिसल ब्लोअर दस्तावेजों का हवाला देते हुए हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा है कि अदाणी समूह की कंपनियों में धन के हेरफेर के लिए इस्तेमाल किए गए दोनों अस्पष्ट आफशोर फंड में सेबी की वर्तमान चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति के पास हिस्सेदारी थी।हिंडनबर्ग रिसर्च ने पिछले वर्ष जारी रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के बड़े भाई विनोद अदाणी अस्पष्ट आफशोर बरमूडा और मारीशस फंड को नियंत्रित करते हैं और इनका इस्तेमाल पैसों की हेराफेरी और शेयरों की कीमत बढ़ाने के लिए किया गया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए हिंडनबर्ग रिसर्च ने कहा कि सेबी ने अपनी जांच में अदाणी के आफशोर शेयरधारकों के वित्तपोषण की कोई जानकारी नहीं दी है। अगर सेबी वास्तव में आफशोर फंडधारकों को ढूंढना चाहता था।

## हैलो मैं आरबीआई से बोल रहा हूं, फर्जी अधिकारी बनकर युवक से ठगे 4.5 करोड़ रुपये, आतंकी फंडिंग में फंसाने की धमकी

**जयपुर , 11 अगस्त [एजेंसी]।**

राजस्थान की राजधानी जयपुर में साइबर ठगों के सबसे लंबे समय तक एक युवक को डिजिटल अरेस्ट कर चार करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने युवक को आठ दिन तक डिजिटल हाउस अरेस्ट रखकर 712 करोड़ रुपये की टेरर फंडिंग में फंसाने की धमकी दी। खुद को सीबीआई, आरबीआई, ईडी और हैदराबाद पुलिस का बताकर 4.55 करोड़ रुपये ठग लिए। इस संबंध में शनिवार को पुलिस में शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जयपुर के वैशाली नगर निवासी युवक ने बताया कि एक अगस्त को दोपहर में उसके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को आरबीआई ग्राहक सेवा अधिकारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड डिफॉल्ट होने की बात कही। युवक ने इनकार कर दिया। इस पर काल करने वाले ने कहा, नौ मई को कोई मामला हुआ था क्या। हैदराबाद पुलिस से बात करने की कहकर फोन ट्रांसफर कर दिया। बाद में एक महिला ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए 712 करोड़ रुपये की टेरर फंडिंग में युवक के बैंक खाते का इस्तेमाल होने की बात कही। युवक ने मना किया तो महिला ने कहा कि खाते में 20 लाख रुपए आतंकी गतिविधियो के लिए भेजे गए हैं। जांच के नाम पर आधार कार्ड और बैंक खाते की जानकारी हासिल कर ली। शुक्रवार तक युवक को ठगों ने वीडियो निगरानी में रखा। युवक से ऑनलाइन साढ़े चार लाख रुपये लेने के बाद एफडी तुड़वाने को लेकर दबाव बनाया। समय पूर्व एफडी तुड़वाने के लिए नई चेक बुक की आवश्यकता थी, जो डाक से आनी थी।

## तमिलनाडु से पकड़ा गया अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह का मुख्य आरोपी, एनआईए तीन साल से कर रही थी तलाश



**नईदिल्ली, 11 अगस्त [एजेंसी]।**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी में शामिल मुख्य आरोपी श्रीलंकाई नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसका पूर्व में लिट्टे से भी संबंध रहा है। आरोपी सीनी आबुलखान को तमिलनाडु के रामनाथपुरम से पकड़ा गया है। एनआईए द्वारा जांच में पाया गया कि वह अपने सहयोगियों के साथ पीड़ितों को मंगलुरु भेजने से पहले एक नाव में कैद करने में भी शामिल था।

फरार होने के तीन साल बाद एनआईए ने शनिवार को उसे पकड़ा है। यह मामला मंगलुरु सिटी पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। एनआईए की जांच में पता चला कि एक श्रीलंकाई ईसन रैकेट का सरगना है। जांच एजेंसी ने कहा, उसने झूठे लालच देकर 38 श्रीलंकाई नागरिकों को अवैध रूप से तमिलनाडु के विभिन्न स्थानों पर लाने के लिए आरोपियों के साथ मिलीभगत की थी। एनआईए ने अक्टूबर 2021 और जनवरी 2024 के बीच तीन भगोड़ों सहित 10 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। शेष भगोड़ों को पकड़ने के लिए जांच जारी है।

## अब स्वाइन फ्लू से 3 मौतें, अन्य 4 संक्रमित हॉस्पिटल में भर्ती

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में स्वाइन फ्लू का खतरा बढ़ता जा रहा है. एक और स्वाइन फ्लू से पीड़ित मरीज की मौत हो गई है. swine flu से हो रही मौत से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. बताया जा रहा है कि बिलासपुर के मंगला निवासी 66 वर्षीय विजय सिंह का इलाज पिछले एक हफ्ते से अपोलो अस्पताल में चल रहा था, लेकिन उनकी हालत में सुधार न होने के कारण उनकी मौत हो गई. बिलासपुर जिले में अब तक स्वाइन फ्लू के कुल 7 सक्रिय मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से 3 मरीजों की मौत हो चुकी है.

## आप के पूर्व मंत्री संदीप वाल्मीकि की छह घंटे में भाजपा से छुट्टी, पार्टी ने गंभीर तथ्य छुपाने का दिया हवाला



**पंचकूला।** आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार में मंत्री रहे संदीप वाल्मीकि के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के छह घंटे बाद ही उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया।आरोप है कि संदीप ने खुद पर लगे गंभीर आरोपों से संबंधित तथ्य छुपाए और पार्टी को गुमराह किया। उन्हें शनिवार शाम ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पार्टी में शामिल कराया था। जानकारी के मुताबिक, संदीप वाल्मीकि के खिलाफ एक आपत्तिजनक सीडी सामने आने पर आम आदमी पार्टी ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इस बात का पता चलने पर हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने संदीप को पार्टी से निष्कासित कर दिया। संदीप मूल रूप से सरग्थल सोनीपत के रहने वाले हैं।

# यूक्रेन ने पलटी बाजी! रूस के 20 किमी अंदर तक घुसे सैनिक, अब क्या करेंगे पुतिन?

**कीव, 11 अगस्त [एजेंसी]।**

यूक्रेन के अबतक के सबसे बड़े हमले में रूस के कुसर्क क्षेत्र में हजारों यूक्रेनी सैनिक 20 किमी अंदर तक घुस गए हैं। उन्हें पीछे धकेलने के लिए रूस भीषण लड़ाई लड़ रहा है। रूस ने कुसर्क में यूक्रेनी सीमा से लगे इलाकों से 76,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को कहा, मलाया लोकन्या, ओल्गोव्का और इवाशकोवस्काय के आसपास तीव्र लड़ाई हो रही है। रूसी सैन्य ब्लागर्स ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों को रोकने के लिए रूसी सेना भेजने के बाद हालात स्थिर है, हालांकि यूक्रेन तेजी से सेना बढ़ा रहा है। इस बीच, यूक्रेन की ओर से काला सागर में रूसी बलों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले एक गैस प्लेटफॉर्म पर हमला बोला गया, जिसमें इसे क्षति पहुंची है। वहीं, यूक्रेन के पूर्वी सीमावर्ती डोनेट्स्क और खार्किव में रूसी हमलों में तीन लोग मारे गए। डोनेट्स्क क्षेत्र के क्रामाटोरस्क पर रूसी मिसाइल हमले में एक नागरिक की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दो यूरोपीय खुफिया सूत्रों ने कहा है कि दर्जनों रूसी सैन्य कर्मियों को फथ-360 क्लोज-रेंज बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली का



उपयोग करने के लिए ईरान में प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह 120 किमी की अधिकतम सीमा और 150 किलो हथियार के साथ मिसाइलें लांच करता है। संभावना है कि ईरान की ओर से रूस को सैकड़ों उपग्रह-निर्देशित हथियारों की जल्द डिलीवरी करेगा।

माना जाता है कि रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने 13 दिसंबर को तेहरान में ईरानी अधिकारियों के साथ फथ-360 और अबाबील बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।ननई दिल्ली स्थित रूसी दूतावास ने शनिवार को युक्रेन संघर्ष में भारतीय नागरिकों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। साथ ही भारतीयों की शीघ्र रिहाई का आश्वासन दिया। दूतावास ने रूसी सैन्य सेवा के लिए भारतीय नागरिकों की भर्ती के लिए किसी भी गलत योजना में शामिल होने से भी इन्कार किया है। दूतावास ने कहा, इस साल अप्रैल से रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों में भारत सहित कई देशों के नागरिकों के प्रवेश को रोक दिया है।

## इस दिन होगा विनेश फोगाट की किस्मत का फैसला, CAS ने किया ऐलान

**नई दिल्ली।** विनेश फोगाट को पेरिस ओलंपिक-2024 में सिल्वर मेडल मिलेगा या वह खाली हाथ लौटेंगी, इस बात पर फैसला 13 अगस्त को सामने आएगा। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन ऑफ स्पोर्ट्स ने शनिवार को इस बात का एलान किया। विनेश 50 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल में 100 ग्राम वजन ज्यादा होने के कारण डिसक्वालिफाई कर दिया गया था। इसके बाद विनेश ने सीएएस में अपील की थी कि उन्हें संयुक्त रूप से सिल्वर मेडल दिया जाए। समाचार एजेंसी आईओए के सूत्रों के हवाले से ये जानकारी दी है।विनेश ने इस मामले के बाद कुश्ती को संन्यास ले लिया था। सीएएस ने कहा था कि वो पेरिस ओलंपिक के खत्म होने से पहले इस मामले पर फैसला दे देगा। सीएएस ने अब 13 अगस्त को फैसला सुनाने की बात कही है। इसी के साथ विनेश और पूरे देश की मेडल की उम्मीदें अभी जिंदा हैं। 11 अगस्त को पेरिस ओलंपिक खेलों की क्लोजिंग सेरेमनी है। विनेश फाइनल में पहुंचने के बाद अपनी वेट कैटेगरी से दो किलो ज्यादा थीं। फाइनल मुकाबले से पहले विनेश ने वजन कम करने के लिए काफी मेहनत की। काफी मेहनत के बाद भी विनेश 100 ग्राम वजन कम करने से रह गई थीं। इसी कारण वह डिसक्वालिफाई कर दी गई थीं। विनेश पर आए इस फैसले से सभी निराश थे। अमेरिकी रेसलर जॉर्डन बॉग ने तो नियमों में बदलाव करते हुए विनेश को सिल्वर देने की मांग की थी। इसी के लेकर विनेश सीएएस पहुंची थीं जहां हरीश साल्वे ने उनकी पैरवी की थी।इस बीच विनेश के ताऊ और कोच महावीर फोगाट ने कहा है कि वह तीन दिन से इंतजार कर रहे हैं लेकिन फैसला नहीं आया है।

# क्या आपके कान में भी बजती है घंटी? हो सकती है ये खतरनाक बीमारी

कान में घंटी, सीटी या सांय-सांय की आवाज आए तो हल्के में न लें, क्योंकि ये खतरनाक बीमारी हो सकता है. यह एक ऐसी अजीब आवाज होती है जो किसी दूसरे को सुनाई नहीं देती है. लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जो धीरे-धीरे गंभीर हो जाती है. दरअसल, कान में इस तरह की आवाज आना टिनिटस बीमारी की वजह से होता है. अगर इसका समय पर इलाज न हो तो इंसान बहरा तक हो सकता है. इतना ही नहीं इससे मानसिक सेहत बुरी तरह प्रभावित हो सकता है. आइए जानते हैं यह बीमारी कितनी हानिकारक हो सकती है...



**टिनिटस बीमारी कितनी खतरनाक**

कान के एक नर्व में गड़बड़ी की वजह से टिनिटस बीमारी होती है. इसे दवा या सर्जरी की मदद से कम किया जा सकता है लेकिन अगर यह ज्यादा डैमेज हो जाए तो सोते, जागते या काम करते हुए बड़ी परेशानी बन सकती है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, कई बार कान में छोटे से ब्लॉकेज की वजह से भी ये समस्या हो सकती है. हियरिंग लॉस, कान में इंफेक्शन, साइनस इंफेक्शन, हार्ट डिजीज, सर्कुलेटरी इंफेक्शन, ब्रेन ट्यूमर, हार्मोनल बदलाव और थायराइड बढ़ने से भी कान में सीटी या घंटी जैसी आवाज आती है.

**टिनिटस कब ज्यादा गंभीर**

अगर टिनिटस की बीमारी के लगातार नजरअंदाज किया जाए तो फेशियल पैरालिसिस जैसी गंभीर समस्या भी हो सकती है. इससे हमेशा के लिए सुनने की क्षमता खो सकते हैं. कई बार तो इससे परेशान होकर सुसाइड तक का ख्याल आने लगता है. ऐसे में डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए. इस बीमारी का इलाज अभी तक संभव नहीं हुआ है लेकिन डॉक्टर कुछ थेरेपी और दवाओं की मदद से इसकी परेशानियों को कम कर सकते हैं.

**कान में घंटी की आवाज का इलाज क्या है**

1. टिनिटस से बचने के लिए साउंड बेस्ड थेरेपी की मदद ले सकते हैं. इससे बाहर की आवाज बढ़ा दी जाती है, जिससे टिनिटस के लक्षण कम हो जाते हैं.

2. बिहेवियरल थेरेपी की मदद से भी इस बीमारी से बचा जा सकता है. बहुत ज्यादा इमोशनल स्ट्रेस, इंसोमनिया, डिप्रेशन की वजह से टिनिटस होता है, जिसमें बिहेवियर थेरेपी काम आता है.

3. कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी और प्रोग्रेसिव टिनिटस मैनेजमेंट से भी इस आवाज से छुटकारा पा सकते हैं.

4. टिनिटस को एंटी एंग्जायटी ड्रग, एंटी डिप्रेशन से जुड़ी दवाईयों से भी दूर किया जा सकता है. डॉक्टर कान के हालत के हिसाब से दवाईयां लिखते हैं.

5. मानसिक दबाव में भी कान में घंटी की आवाज आती है. ऐसे में तनाव और एंग्जायटी को दूर करने के लिए एक्सरसाइज, योग, मेडिटेशन, डाइट, सोशल लाइफ को बेहतर बना सकते हैं.

# सूंघने की क्षमता हो गई है कम तो हो जाएं सावधान, इस बीमारी का हो सकता है खतरा

कोविड महामारी से पीड़ित लोगों में स्मेल करने की क्षमता कम होना, टेस्ट की कमी जैसी शक्ति पहले से कम हुई है. जो लोग इससे ठीक भी हो चुके हैं उनमें भी सूंघने की क्षमता की कमी और मुंह का स्वाद बिगड़ने जैसे लक्षण दिखाई दिए हैं. आज हम आपको विस्तार से बताएंगे कि सूंघने की क्षमता की कमी होने के कारण किस गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ता है.

**कंजेस्टिव हार्ट फेलियर**

जर्नल ऑफ द अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के रिसर्च के मुताबिक सूंघने की शक्ति कम होने के लक्षण ज्यादातर बुजुर्ग में देखी गई है. उनके शरीर में कंजेस्टिव हार्ट फेलियर एक नई बीमारी का पता चला है. यह बीमारी एक खतरनाक रूप ले सकती है.

सूंघने की शक्ति कम होने पर हार्ट अटैक का खतरा काफी ज्यादा बढ़ता है. यह इसके शुरुआती लक्षणों में से एक है. सूंघने की शक्ति कमजोर होने पर दिमाग से जुड़ी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है. कमजोर दिल वाले व्यक्तियों सूंघने की शक्ति धीरे-धीरे कम होने लगती है. नर्वस सिस्टम की शक्ति धीरे-धीरे कमजोर होने लगती है. जिसके कारण सूंघने की शक्ति कम होती है.

**नाक से संबंधित परेशानी होने पर**

कोविड -19 होने पर

दिमाग पर कोई चोट लगने पर



सूंघने की शक्ति का कम होना क्या है?

सूंघने की शक्ति कम होने पर स्निफ़िन स्टिक टेस्ट किया जाता है. ताकि हाइपोस्मिया या सूंघने की शक्ति कम होने पर इस मापा जा सके. इस टेस्ट में सूंघने की शक्ति कम होने लगती है. इस दौरान बदबू को पहचानना मुश्किल है.

किन लोगों में सूंघने की शक्ति कम होने लगती है

बुजुर्ग

न्यूरोडीजेनेरेटिव बीमारी जैसे अल्जाइमर पार्किंसंस

क्रोनिक साइनस समस्या या नाक की समस्या वाले लोग

जिन लोगों को जेनेटिक की बीमारी है उन्हें स्मोकिंग नहीं करना चाहिए. क्योंकि इससे सूंघने की शक्ति कम होती है.

सूंघने की शक्ति कमजोर होने से बचने का तरीका

अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का खास ख्याल रखें

साइनस संक्रमण में इलाज करके बचा जा सकता है

जहरीली चीजों का इस्तेमाल कम से कम करें

हार्ट को हेल्दी रखें

इन सभी तरीकों को अपनाकर ही सूंघने की शक्ति को मजबूत बना सकते हैं.

बीते कुछ सालों में हार्ट अटैक भारत के लिए एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है. सिर्फ इतना ही नहीं देश में हार्ट अटैक से होने वाली मौतों की संख्या लगातार बढ़ रही है. 25-45 साल के उम्र वाले नौजवानों में लगातार हार्ट अटैक के केसेस बढ़ रहे हैं. जो दिन पर दिन एक गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है. यह बीमारी सिर्फ बुजुर्गों तक ही नहीं जवान लोगों में भी काफी ज्यादा देखने को मिल रही है.

## अदिति भाटिया ने अपने खास दोस्तों की कराई ग्रूमिंग, देखते रह गए लोग



एक्ट्रेस अदिति भाटिया आज भी लोकप्रिय शो ये है मोहब्बतें में मेन लीड रमन कुमार भल्ला की बेटी रूही भल्ला के किरदार से घर-घर में मशहूर हैं। वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उन्होंने गुरुवार को अपने पेट डॉग मर्फी और ओली के खास ग्रूमिंग सेशन की एक झलक साझा की।

अदिति ने स्टोरीज सेक्शन में अपने पेट डॉग्स के साथ एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में अदिति ने कैजुअल ब्लैक टी-शर्ट पहनी हुई है और उनके पेट डॉग्स कार की खिड़की से बाहर खुशी से देख रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए अदिति ने कैप्शन में लिखा, ग्रूमिंग के बाद लोग इन्हें देख रहे हैं।

एक अन्य स्टोरी में अदिति ओली के साथ पोज दे रही हैं और उन्होंने लिखा, वह पिछले दिनों काफी बुरा था!!

अदिति ने अपनी एक सेल्फी भी अपलोड की, जिसमें उनके चारों ओर यूनिकॉर्न, फूल, दिल और टेडी बियर के स्टिकर लगे हुए हैं। उन्होंने लिखा, मेरी जिंदगी में बहुत उथल-पुथल है, मैं अपना ख्याल रखना या इंस्टा पर एक्टिव रहना भूल गई हूं, इस समय मैं पागल हो रही हूं।

आखिरी तस्वीर में अदिति मर्फी और ओली के साथ सेल्फी ले रही हैं। इस पर कैप्शन लिखा, ओके बाय लव यू। अदिति ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर की। उन्होंने सबसे पहले छोटे पर्दे पर सीरियल होम स्वीट होम में करिश्मा का रोल अदा किया। वह टीवी सीरियल तुझ संग प्रीत लगाई साजना में तुलसी के किरदार में नजर आईं। उन्होंने शाहिद कपूर और अमृता राव की फिल्म विवाह में अमृता राव के बचपन का किरदार निभाया था। यह फिल्म 2006 में रिलीज हुई। इसमें शाहिद कपूर और अमृता राव के साथ अनुपम खेर, आलोक नाथ, सीमा बिस्वास, समीर सोनी और लता सभरवाल भी नजर आए। इसके अलावा उन्होंने फिल्म शूट आउट एट लोखंडवाला में संजय दत्त की बेटी का किरदार निभाया। द ट्रेन में इमरान हाशमी की ऑनस्क्रीन बेटी बनी। वहीं, चांस पे डांस और सरगोशियां जैसी फिल्मों में भी बतौर बाल कलाकार काम किया। लीड एक्ट्रेस के तौर पर अदिति ने टशन-ए-इश्क में काम किया। उन्होंने बबली तनेजा का किरदार निभाया। इसके बाद ये है मोहब्बतें में रूही भल्ला के किरदार में दिखीं। स्टार प्लस पर प्रसारित होने वाले इस शो का निर्माण एकता कपूर ने बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था। इसमें करण पटेल, दिव्यांका त्रिपाठी दहिया और रूहानिका धवन लीड रोल में थे। अदिति ने कॉमेडी नाइट्स बचाओ ताजा, कॉमेडी सर्कस और खतरा खतरा खतरा में भी काम किया है।

# स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली की इन जगहों पर जाएं, केसरिया में नजर आती हैं ये प्लेसेस



हर साल की तरह 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया जाता है। देश के लिए यह दिन सबसे महत्वपूर्ण दिन है, इसलिए इसे राष्ट्रीय पर्व के तौर मनाया जाता है। भारत 15 अगस्त 1947 इसी के दिन आजाद हुआ था। ऐसे में हर साल स्वतंत्रता दिवस के दिन स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों समेत पूरे भारत में ध्वजरोहण किया जाता है। इस दिन कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम होते है। अगर आप दिल्ली या आसपास रहते हैं तो स्वतंत्रता दिवस के मौके पर देशभक्ति में नजर आती है दिल्ली। आइए जानते हैं दिल्ली की उन जगहों के बारे में जहां स्वतंत्रता दिवस पर केसरिया में नजर आती है।

**राजीव चौक**

दिल्ली के राजीव चौक का नजारा 15 अगस्त के मौके पर देखते ही बनता है। शाम के समय यहां तिरंगा लाइटिंग के साथ देशभक्ति गाने बजते है जो काफी जोश ला देते है। आसपास युवाओं की भीड़ इस जगह ऊर्जावान बना देती है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शाम के समय दोस्तों या परिवार के साथ राजीव चौक का ये केसरिया नजारा देखने जा सकते हैं।

**रायसीना हिल्स**

अगर आप स्वतंत्रता दिवस पर कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो आप रायसीना हिल्स भी जा सकते हैं। यहां राष्ट्रपति भवन से नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक तक देशभक्ति के सारे रंग बेहजद करीब से नजर आते हैं। इस दिन राष्ट्रपति भवन बंद रहता है। लेकिन आप चाहें तो उत्तर और दक्षिण ब्लॉक तक घूमने जा सकते हैं और खूबसूरत सजावट को देखकर आनंद ले सकते हैं।

**इंडिया गेट**

स्वतंत्रता दिवस के दिन दिल्ली के इंडिया गेट जाना सभी पसंद करते हैं। इस दिन यहां का नजारा काफी सुंदर नजर आता है। पूरी दिल्ली देशभक्ति में नजर आती है। यहां खाने पीने की चीजें काफी मिलती है। म्यूजिकल इवेंट भी देखने को मिलते हैं शाम के समय लाइटिंग जबरदस्त लगती है।

**कुतुब मीनार**

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कुतुब मीनार जाने के सबसे बेहतर है। 73 मीटर ऊंचे मीनार की सैर के लिए स्वतंत्रता दिवस का दिन सबसे बढ़िया है। इस दिन आप यहां पर खास पल बिता सकते हैं।



## जूनियर एनटीआर की एनटीआर 31 की रिलीज डेट आउट, केजीएफ डायरेक्टर संग वर्ल्डवाइड धमाका करेंगे आरआरआर स्टार

साउथ फिल्मों के सुपरस्टार जूनियर एनटीआर एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने आ रहे हैं. साल 2022 में फिल्म आरआरआर के बाद अब दो फिल्मों से चर्चा में हैं. पहली एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 और दूसरी है एनटीआर 31. जूनियर एनटीआर की फिल्म एनटीआर 31 को केजीएफ फेम डायरेक्टर प्रशांत नील बना रहे हैं. फिल्म एनटीआर 31 से बड़ा अपडेट आया है. एनटीआर 31 की आज पूजा सेरेमनी हुई और इसी के साथ फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान हो गया है.

हैदराबाद में एनटीआर 31 की पूजा सेरेमनी के बाद फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया गया है. एनटीआर 31 की पूजा सेरेमनी में जूनियर एनटीआर और डायरेक्टर प्रशांत नील समेत प्रोड्यूसर और पूरी टीम शामिल थी. वहीं, एनटीआर 31 की पूजा सेरेमनी के बाद फिल्म के मेकर्स मैत्री मूवी मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान कर दिया है. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर आकर एक पोस्टर शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है. बता दें, एनटीआर 31 के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेंगा, क्योंकि फिल्म 9 जनवरी 2026 को मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज होने जा रही है.

## शब्द सामर्थ्य -145


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 144 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## महाराष्ट्रीयन लुक में निकिता दत्ता ने ढाया कहर, सादगी भरा अवतार देख लट्टू हुए फैंस



बॉलीवुड की ग्लैमरस और हॉट एक्ट्रेस निकिता दत्ता काफी ज्यादा पॉपुलर हैं। उन्होंने अपनी अदाकारी का जादू फैंस के बीच इस कदर बिखेरा है कि लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की बेहद स्टनिंग फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनकी दिलकश अदाएं देखकर फैंस मदहोश हो गए हैं।

एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही वायरल होने लगता है।

हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने पिंक कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो महाराष्ट्रीयन लुक में नजर आ रही है।

निकिता दत्ता ने अपने इस साड़ी लुक को कंप्लीट करने के लिए गले में नेकलेस, हाथों में चूड़ियां, नाक में नथ, कानों में इयररिंग्स, बालों का बन बनाकर और लाइट मेकअप कर के अपने आउटलुक को कप्लीट किया है।

एक्ट्रेस अपने इस आउटलुक में बेहद ही खूबसूरत और गॉर्जियस नजर आ रही हैं। हालांकि फैंस भी उनके इस लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थक रहे हैं।

निकिता दत्ता की इन फोटोज पर अबतक 74 हजार से भी ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं। वहीं, कई यूजर्स कॉमेंट्स करते हुए अपने रिएक्शंस दे रहे हैं।

बता दें कि चाहे इंडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक निकिता दत्ता अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही वा फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है।

## प्रेग्नेंसी के दौरान जरूर करें ये एक्सरसाइज डिलीवरी में नहीं होगी कोई परेशानी

आजकल के खराब लाइफस्टाइल और खानपान के कारण नॉर्मल डिलीवर का रेट गिरता जा रहा है. नॉर्मल डिलीवरी में महिला जल्दी रिकवर हो जाती है. और शरीर में कम परेशानी होती है. नॉर्मल डिलीवरी हेल्थ के लिए सही रहती है. इसलिए शरीर को नॉर्मल डिलीवरी के लिए तैयार रखना चाहिए. इसके लिए आपको हम इस आर्टिकल में प्रेग्नेंसी के दौरान एक्सरसाइज करने के फायदे बताएंगे.

हम आपको इस आर्टिकल के जरिए बताएंगे कि प्रेग्नेंसी के दौरान एक्सरसाइज कब करना चाहिए कितने घंटे एक्सरसाइज करना चाहिए. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रेग्नेंसी के तीसरे महिने में भी आप आराम से एक्सरसाइज कर सकते हैं. इसके अलावा आप 7 महीने की शुरुआत में भी एक्सरसाइज कर सकते हैं. महीने की शुरुआत से लेकर डिलीवरी तक गिना जाता है. नॉर्मल डिलीवरी से पहले आपको अपने शरीर को तैयार करना होगा. इसके लिए एक्सरसाइज बेहद जरूरी है।

# केस में समझौता कराने 20 हजार मांगे, एसपी को शिकायत सौंपी



**कोरिया बैकुंठपुर।** सोनहत थाने में शिकायत पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने और केस में समझौता कराने के एवज में 20 हजार रुपए मांगने को लेकर पुलिस अधिकारी के खिलाफ एसपी को शिकायत सौंपी गई है।

प्रार्थी सैयदा खातून ने शिकायत में बताया कि 7 अगस्त दोपहर 1 से 1.30 बजे के बीच सोनहत निवासी अनावेदक द्वारा मेरे साथ मवेशी को लेकर डंडे से मारपीट की गई। जिसकी थाने में शिकायत दी गई थी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं और 9 अगस्त को प्रार्थी एवं उसके पुत्र को बुलवा कर डांट फटकार लगाई। साथ ही कहा गया कि 20 हजार रुपए दो, केस में समझौता करा दूंगा। पैसे नहीं देने पर मेरे पुत्र के खिलाफ अपराध दर्ज करने की धमकी दी गई है। वहीं दूसरी शिकायत में प्रार्थी शिव प्रसाद कोल ने सोनहत निवासी अनावेदक एवं उसकी पत्नी द्वारा मुझे 10 साल से परेशान किया जा रहा है। मेरे खेत का मेड़ अनावेदक के मेड़ से लगा हुआ है। मैं जब भी खेती करने जाता हूं, अनावेदक दंपती मारपीट, गाली गलौज करते हैं। जबकि खेत की कई बार जोपजोख करा चुके हैं। बावजूद हमको कभी थाना, कभी तहसील बुलवाकर परेशान कर रहे हैं। इस मामले में कई बार केस दर्ज हो चुका है। लेकिन अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही है। मामले में प्रार्थी सहित दर्जनभर ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिकारी के खिलाफ शिकायत कर कार्रवाई की मांग रखी है।

## नाग पंचमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

**रामानुजगंज।** नगर में नाग पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया नगर के प्राचीन शिव मंदिर में पूजा अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे वहीं नगर के वार्ड क्रमांक 11 में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह ध्वज पूजन हुआ वहीं शाम को गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई जो नगर के प्रमुख चौक चौराहे होते राम मंदिर में पूजा अर्चना और दंगल प्रतियोगिता के साथ समाप्त हुई। हिंदू पंचांग के अनुसार श्रावण शुक्ल पक्ष की पंचम तिथि को नाग पंचमी के रूप में मनाई जाती है। नगर में वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार नाग पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाते रहा है इस वर्ष भी नाग पंचमी के पर्व को धूमधाम से मनाया गया सुबह 11:00 बजे भगवा ध्वज एवं अस्त्र-शस्त्र की पूजा अर्चना बड़ी संख्या में नगर वासियों के द्वारा की गई। वही शाम को हनुमान मंदिर से भव्य शोभा यात्रा निकला जो नगर के प्रमुख चौक चौराहे से होकर गुजरते हुए राम मंदिर में पूजा अर्चना के साथ समाप्त हुआ।

# हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत पर नगर में निकाली गई रैली, दिखा उत्साह

### भारत माता के जयघोष के साथ विभिन्न स्थानों में तिरंगा सप्ताह का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में तिरंगा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

सुबह 8 बजे से प्रेमाबाग मंदिर प्रांगण से कलेक्टरेट परिसर व मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर तक तिरंगा मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस कर्मी, शहरवासी व युवाओं ने सहभागिता निभाई। इसी तरह ग्राम पटना, जमगहना, बुडार आदि स्थानों में भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में युवाओं ने मोटरसाइकिल रैली निकालकर भारत माता की जयघोष के साथ तिरंगा झंडा के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया गया। मिनी स्टेडियम, बैकुंठपुर में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने आव्हान किया कि हर हाल में हमें तिरंगा झंडा का सम्मान करना होगा। घरों, कार्यालयों, संस्थाओं के भवनों में तिरंगा झंडा फहराते के समय सावधानी जरूर बरतें, झंडा फहराने के नियमों का पालन करें। तिरंगा झंडा हमारी आन-बान और शान है, इसलिए इनका सम्मान करना प्रत्येक नागरिकों व वर्गो का कर्त्तव्य है।

## राष्ट्रीय राजधानी के स्वाधीनता समारोह में रेणुका सिंह होंगे अतिथि



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कोरिया के जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह मोरपच्ची स्वतंत्रता दिवस समारोह पर दिल्ली में विशेष अतिथि रूप में शामिल होंगे। इस आशय के पत्र जारी होने के बाद उन्होंने खुशी जाहिर की है। जानकारी के अनुसार 15 अगस्त 2024 स्वतंत्रता दिवस समारोह में नई दिल्ली में महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को पति सहित आमंत्रित किया गया है। रक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने एक पत्र जारी की है जिसमें 15 अगस्त 2024 को स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए विशेष अतिथि के रूप में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से 150 (डेढ़ सौ) महिला निर्वाचित प्रतिनिधियों को उनके पति के साथ आमंत्रित किया गया है इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य से 7 जिला पंचायत प्रतिनिधियों का नामांकन चाहा गया है उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य से प्रवास के संपूर्ण समन्वय के लिए अशोक जयसवाल संकाय सदस्य एसआईआरडी निमोरा रायपुर को नोडल अधिकारी एवं उपसंचालक जिला पंचायत धमतरी अविनाश मेश्राम को सहायक नोडल अधिकारी नामित किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष और एक आदिवासी बेटी को विशेष अतिथि के रूप आमंत्रित करने से जिला एमसीबी और कोरिया में हर्ष व्याप्त है। रेणुका सिंह ने बताया कि यह तभी संभव हो सका है जब हमारे देश में मोदी जी जैसे देश के प्रधानमंत्री है। उनका दुर्गामी सोच ही आज एक आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया है और आज मुझे भी एक छोटे से जिला के बेटी को विशेष अतिथि के रूप में नामित किया गया है और दिल्ली बुलाया गया।

# नाबालिग से अनाचार करने वाले तीन आरोपी पुलिस की हिरासत में

**कोरिया।** प्रार्थी ने 1 अगस्त को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी लड़की मेरे रिश्तेदार के यहाँ रहकर पढ़ाई करती थी। अभी पिछले शुकवार को मेरी पत्नी ने मुझे बताया कि उसकी पुत्री 04 महिना की गर्भवती है फिर मेरे और मेरी पत्नी के द्वारा अपनी पुत्री से पूछने पर उसने बताया कि अप्रैल में वह स्कूल गयी थी, शाम 4 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद वापस घर जा रही थी। उसी रास्ते में संदीप चेरवा, तुजफान पनिका एवं रमिंन्द्र सिंह उर्फ़ छोटू, बैल चरा रहे थे। वहीं रास्ता में मुझे रोककर मेरे साथ खण्डहर में ले जाकर पहले संदीप, फिर तुजफान और आखरी में रमिंन्द्र सिंह उर्फ़ छोटू बारी-बारी से बलात्कार किये है और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दिए है। जब मेरी नाबालिग लडकी का स्वास्थ्य खराब हुआ तब पता चला कि मेरी लडकी को आरोपीगण संदीप चेरवा, तुजफान पनिका और रमिंन्द्र सिंह उर्फ़ छोटू तीनों के बलात्कार से वह गर्भवती हो गई और आरोपी तुजफान पनिका ने गर्भपात कराने के लिए दवाई खिलाया है जिससे मेरी लड़की का तबियत खराब हुआ है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पटना मे धारा 376 (घ)(क), 315, 506, भा0द0सं0 एवं 4, 6 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। घटना स्थल थाना पटना क्षेत्र का ना होने पर भी पुलिस द्वारा पर्याप्त गंभीरता एवं संवेदनशीलता दिखाते हुए थाना पटना में जीरो में अपराध पंजीबद्ध कर सम्बंधित थाना को ट्रांसफर किया गया है। उक्त प्रकरण में तीनो आरोपियों को कोरिया पुलिस द्वारा फरार होने से पहले दबिश देकर अविलम्ब दिनांक 02.08.2024 को हिरासत में लिया गया है, उपरोक्त तीनो आरोपियों से पूछताछ की जा रही है एवं दिनांक 03 अगस्त 2024 को रिमांड पर भेजनें की कार्यवाही की जा रही है।



## अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** खरोरा पुलिस ने ग्राम लांजा मोड़ के पास दबिश देकर अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम लांजा में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी रोहित धृतलहरे 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 19 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** मौदहापारा पुलिस ने शहीद स्मारक पार्किंग के पास गांजा बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 5 किलो 348 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मौदहापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शहीद स्मारक पार्किंग के पास आरोपी अंकुर अग्रवाल 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 5 किलो 348 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## बाइक सवार तीन युवक खड़ी ट्रेलर से टकराएं, एक की मौत

**रायपुर।** भिलाई के कुर्सी पार गेट के सामने साइड में खड़ी ट्रेलर से बाइक सवार टकरा गए बाइक में तीन लोग सवार थे और ये बाइक सवार भिलाई से कुर्सी पार की ओर जा रहे थे। इसी बीच जब बाइक ट्रेलर से टकराती उसके पहले ही पीछे बैठा बाइक सवार चलती बाइक से कूद गया। जिसके कारण पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल दो लोगों को सुपेला के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने के कारण उन्हें दुर्ग के जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया है।

## मूसलाधार बारिश में भी सफाई कर्मियों ने संभाला सफाई व्यवस्था

**रामानुजगंज।** एक ओर नगर में 24 घंटे से लगातार मूसलाधार बारिश होने कारण लोग अपने घरों में दुबके थे वहीं दूसरी ओर नगर के सफाई कर्मी बरसते मूसलाधार बारिश के बीच पूरी कर्तव्यनिष्ठा से अपना कार्य संपादित करते देखे गए। घंटो पानी में भीगकर सफाई कर्मियों ने नगर की साफसफाई व्यवस्था को बहाल रखा। गौरतलब है कि बलरामपुर रामानुजगंज जिले का सबसे बड़ा शहर रामानुजगंज है जहां की आबादी करीब 25000 के करीब है वही नगर 15 वार्डों में करीब 10 किलोमीटर एरिया से अधिक में फैला है। वही यहां मात्र पांच नियमित सफाई कर्मचारी है व प्लेसमेंट के करीब 20 से 25 कर्मचारियों के भरोसे पूरे नगर की सफाई व्यवस्था संचालित होती है। नगर के सीमित संख्या में सफाई कर्मी सुबह एवं देर शाम सफाई करते हैं। सीमित संख्या में सफाई कर्मियों के बावजूद भी नगर की साफसफाई व्यवस्था दुरुस्त रहती है आज 24 घंटे से हो रही वर्षा के बीच नगर के सफाई कर्मी मूसलाधार बारिश में भीगते हुए घंटो सफाई में लग रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीमित संख्या में हमारे नगर पंचायत के कर्मचारी हैं परंतु इसके बाद भी कर्तव्य निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन करते हुए नगर को साफसुथरा रखने में अपनी पूरा योगदान दे रहे हैं। उन्होंने बरसते पानी में सफाई करने की जमकर सराहना की।

## नाले में बही महिला का मिला शव

**रामानुजगंज।** रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम चेरा में शुक्रवार के दोपहर 1 बजे के करीब जंगल की ओर नाले को पार करने के दौरान पंडो जनजाति की महिला का पैर फिसलने से वह बह गई थी जिसका अब तक पता नहीं चल सका है उसके साथ गई अन्य महिलाओं के साथ साथ स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा काफी खोजने का प्रयास किया गया वहीं आज सुबह एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची जिनके द्वारा स्थानीय ग्रामीणों की मदद से जहा से महिला बही थी वहां से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर ग्राम डुमरपान नदी से महिला का शव पत्थर से लगा हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के नदी नाले उफान पर थे इस बीच शुक्रवार दोपहर 1 बजे के करीब ग्राम चेरा की पांच महिलाएं जिसमें रजवंती पंडो पिता राम लोचन पंडो उम्र 55 वर्ष भी थी जो खुखड़ी खोजने जंगल की ओर गई थी सभी जंगल की ओर ही एक नाले को पार करके दूसरी ओर जा रहे थे इस दौरान चार महिलाएं तो निकल गई वही रजवंती फिसल गई एवं बहने लगी जिसे दौड़कर चारों ने बचाने का प्रयास किया परंतु धार इतना तेज था कि वह आगे निकल गई घंटो तक उसे खोजने का प्रयास चारों महिलाएं करते रही वहीं 3 बजे के करीब ग्राम के अन्य लोगों को जानकारी दी गई। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा देर शाम तक खोजने का प्रयास किया जाता रहा वही शाम को इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल को दी गई जिनके निर्देश पर एसडीआरएफकी टीम पहुंची जो सुबह 9 से स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को खोजने प्रारंभ कर दी थी जहां से महिला बही थी वहां से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर महिला का शव एक पत्थर से लगा हुआ ग्राम डूमरपान में मिला।

## कोरिया जिले का नाम किया रोशन प्रतियोगिता में छोड़ी अपनी छाप




**कोरिया बैकुंठपुर।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में चल रही ओपन बैडमिंटन चैंपियन 2024 में सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग की टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें कोरिया बैडमिंटन एकेडमी की टीम के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और इस प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ी। इस प्रतियोगिता के सिंगल वूमेन प्रतियोगिता में दिव्यांसी पटेल ने अपनी ही जिले की श्रद्धा घोष को पराजित कर विजेता बनी। डबल मेंस के मैच में कोरिया एकेडमी के खिलाड़ी नवीन मित्रा और परम गुप्ता की जोड़ी ने बिलासपुर की टीम को पराजित किया। मिक्स डबल के फाइनल में अश्विन मित्रा और श्रद्धा घोष की जोड़ी गोरेला,पेंड्रा मरवाही की भावना गुप्ता (पुलिस अधीक्षक गौरेला पेंड्रा मरवाही),और श्रेयांश जयसवाल की जोड़ी से पराजित हो गए और अप विजेता रहे। वही मेन्स सिंगल के फाइनल मैच में कोरिया एकेडमी के कुशल जायसवाल चिरमिरी के नितिन वर्जिस से पराजित हो कर उप विजेता रहे।

## बांकी नदी की पुलिया क्षतिग्रस्त

**अंबिकापुर।** शहर से लगे ग्राम पंचायत खैरबार के बांकी नदी की पुलिया क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण आवागमन के लिए नया संकट खड़ा हो गया है।बांकी नदी के दो पाटों में यह गांव बसा है। एक छोर पर न सिर्फ खैरबार का एक बड़ा हिस्सा है बल्कि इसी मार्ग से लुंड्रा क्षेत्र के गांव में लोगों का आवागमन होता है। ऐसे समय में पुलिया के क्षतिग्रस्त होने से चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद हो गया है। पिछली सरकार ने इस पुलिया के लिए 25 लाख की स्वीकृति प्रदान की थी। निर्माण सामग्री भी गिर चुका था। पीलर खड़ा करने काम भी आरंभ हुआ था पर बंद हुआ तो आज तक शुरू नहीं हुआ। अब यहां के लोग इस नदी पर छोटी पुलिया नहीं बल्कि बड़े पुल का निर्माण करने की मांग करने लगे हैं ताकि हमेशा के लिए आवागमन बेहतर हो सके।इस पुलिया के दोनों हिस्से पर खैरबार पंचायत की आबादी बसी हुई है। इस पुलिया को पार करने पर ही खैरबार के दूसरे हिस्से पर जाना पड़ता है,वहीं वहीं लुंड्रा क्षेत्र के मलगवां, रामनगर ,बांसा, उदारी तक के लोग आना-जाना करते हैं। अंबिकापुर शहर से चांदनी चौक से खैरबार होते हुए खैरबार के पुराने पंचायत भवन के सामने से बांकी नदी की ओर उतरने पर यह पुलिया स्थित है।

# कन्हर नदी का जल स्तर बढ़ा, लोगों को किया सतर्क

**रामानुजगंज।** पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर है कन्हर नदी का जल स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। जिससे कन्हर के पानी का रिंग रोड किनारे के घरों में घुसने का खतरा मंडराने लगा है। लगातार मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। कई ग्रामीण मार्ग एवं स्टेट हाईवे बाधित हो गए है। रामानुजगंज क्षेत्र में शुक्रवार को दोपहर 2 बजे से वर्षा प्रारंभ हुई जो 24 घंटे से लगातार जारी है। बीती रात लगातार मूसलाधार बारिश होती रही वहीं समाचार लिखे जाने तक मूसलाधार वर्षा जारी है। मूसलाधार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है लोग घरों में दुबक गए हैं वहीं कन्हर नदी का जल स्तर आज सुबह से ही बढ़ना प्रारंभ हुआ जो देर शाम तक बढ़ता ही रहा। कन्हर नदी का पानी राम मंदिर घाट, महामाया मंदिर घाट एवं शिव मंदिर घाट के नजदीक तक पहुंच गई है। जिस प्रकार से वर्षा लगातार हो रही है उससे अनुमान लगाया जा रहा है कि मंदिरों को जोड़ने वाले सीसी रोड तक कन्हर का पानी पहुंच जाएगा। नगर में बढ़ते जल स्तर से रिंग रोड में कन्हर नदी के किनारे रहने वाले लोग चिंतित हैं यदि जल स्तर इसी प्रकार बढ़ता रहा तो रिंग रोड में रहने वाले घरों तक पानी पहुंच जाएगा। अलर्ट है नगर पंचायत के कर्मचारी रमन नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि लगातार हो रही मूसलाधार बारिश को लेकर नगर के वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 15 तक के वार्ड में नगर पंचायत के कर्मचारी अलर्ट है। लगातार जायजा लिया जा रहा है वही कन्हर नदी के जल स्तर पर भी हम सब की नजर है। रामानुजगंज वाड्रफनगर स्टेट हाईवे सहित कई मार्ग हुआ बाधित लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से स्टेट हाईवे सहित कई ग्रामीण सड़क भी बाधित हो गया है रामानुजगंज वाड्रफनगर मुख्य मार्ग पर सिंदूर नदी में पुल के ऊपर से पानी जाने से घण्टो मार्ग बाधित रहा वहीं रामानुजगंज-रामचंद्रपुर-सनवाल मुख्य मार्ग पर कलिकापुर में कुरसा नदी का पानी भी पुल के ऊपर जाने से यह रोड बाधित रहा। वही रामानुजगंज भवरमाल रोड भी पानी के पुल के ऊपर आ जाने से बाधित रहा।

## 60 वर्षीय मनु लाल सिंह पैदल निकले बाबा धाम में जल चढ़ाने

**रामानुजगंज।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर के रहने वाले मनु लाल सिंह उम्र 60 वर्ष का भगवान शिव के प्रति अटूट आस्था एवं विश्वास देखते बन रहा है। 700 किलोमीटर की दूरी तय करके झारखंड के बाबा बैजनाथ धाम जल चढ़ाने के लिए नर्मदा नदी से जल लेकर निकले हैं इस दौरान हुए रामानुजगंज के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन में रुके जहां उन्होंने कांवरिया सेवा समिति के सेवा भाव की जमकर सराहना करते हुए कहा कि अनूपपुर से रामानुजगंज के सफर में 350 किलोमीटर के सफर में ऐसी सेवा भावना कहीं देखने को नहीं मिली। ग्राम अनूपपुर के पूर्व पत्रकार 60 वर्षीय मनु लाल सिंह 29 जुलाई को अपने घर से चले थे एवं नर्मदा के उद्गम स्थल से जल उठाकर पैदल बाबा बैजनाथ धाम के लिए निकले एवं आज छठवें दिन रामानुजगंज में शाम 6 के करीब पहुंचे। उनका शिव भगवान के प्रति अटूट आस्था एवं विश्वास देखते बन रहा था। एक ओर क्षेत्र में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही थी वही नंगे पैर उनके कदम रुक नहीं रहे थे। प्रतिदिन उनके द्वारा 60 से 70 किलोमीटर की यात्रा तय की जा रही है। मनु लाल सिंह को प्रेरणा जगी कि भगवान शिव की पुत्री नर्मदा है। जिन्हें भगवान शिव से मिलाने के लिए नर्मदा के उद्गम स्थल से जल उठाकर बाबा बैजनाथ धाम चढ़ने के दृढ़ संकल्प से निकल पड़े है।

## भारी बारिश से महावीरगंज उड़ो नाला में पानी आने के कारण मार्ग कटा

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज वाड्रफनगर मुख्य मार्ग में लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार के कारण फिर से एक बार यह मार्ग कभी भी बाधित हो सकता है। पिछले वर्ष मूसलाधार बारिश के बाद महावीरगंज उड़ो नाला में पानी आने के कारण मार्ग कट गया था। जिसे बनाने में लोक निर्माण विभाग के द्वारा काफी लापरवाही बरती गई थी उसी समय लोगों ने कहा था कि पुन: यह ऐसी स्थिति में आ जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा घटिया कार्य का विरोध करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की मांग की थी। परंतु लोक निर्माण विभाग के द्वारा ऐसा कार्य कराया गया कि एक वर्ष में ही पुन: रोड काटने की स्थिति में आ गया है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष हुई मूसलाधार बारिश के बाद स्टेट हाईवे रामानुजगंज वाड्राफनगर मुख्य मार्ग महावीरगंज उड़ो नाला से पानी अधिक जाने के बाद सड़क दोनों ओर से कट गया था जिससे कई दिनों तक आवागमन बाधित हो गया था। जिसे जिला प्रशासन के तत्परता के बाद मार्ग को आवगमन लायक बनाया गया था। लोक निर्माण विभाग के द्वारा जब इसकी मरम्मत की जा रही थी। तब स्थानीय लोगों के द्वारा घटिया निर्माण करने का आरोप लगाते हुए विभाग से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की मांग की थी पर उनकी उसके बाद भी विभाग के द्वारा जैसे तैसे कार्य कर दिया गया जिसका परिणाम यह हो रहा है कि मूसलाधार बारिश के बाद उड़ो नाला में पहले जैसी स्थिति निर्मित हो रही है जिससे स्टेट हाईवे के कटने का खतरा मंडराने लगा है लोक निर्माण विभाग के कार्यशैली को लेकर स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

## घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर।** एसबीआई कालोनी टैगोर नगर में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली थाना पलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। विशान बुधवानी 40 वर्ष एसबीआई कालोनी टैगोरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलक्यू 0262 को घर के बाहर खड़ी किया था तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# दुलदुली में खेत जोतने के दौरान ट्रेक्टर पलटा, एक की मौत

**सूरजपुर।** रमकोला थाना अंतर्गत दुलदुली में शुक्रवार को खेत जोताई के दौरान ट्रैक्टर पलट गया। दुर्घटना में युवक की ट्रैक्टर से दबने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूरजपुर जिले के रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम दुलदुली निवासी विपिन जायसवाल पिता हंसलाल उम्र 20 वर्ष शुक्रवार को रोपाई का कार्य करने घर से अपना ट्रैक्टर लेकर खेत की जोताई करने गया था। इस दौरान वहां एक अन्य किसान जगदीश यादव भी अपना ट्रैक्टर लेकर अपने खेत की जोताई करने पहुंचा था। इसी दौरान उसने विपिन (मृतक) से कहा कि अपने खेत को बाद में जोत लेना पहले मेरे ट्रैक्टर से मेरे खेत की जोताई कर दो। विपिन अपने ट्रैक्टर को पास में ही खड़ा कर उसके ट्रैक्टर से उसके खेत की जोताई करने लगा। खेत में पानी के साथ साथ दलदलनुमा कीचड़ भी भरा हुआ था। जोताई के दौरान ट्रैक्टर खेत में फंस गया। निकालने की कोशिश की गई पर नहीं निकला। इसके बाद ट्रैक्टर में लगे नागर को खोलकर वाहन को फिर से निकालने की कोशिश की गई। इसी दौरान ट्रैक्टर उल्टा होकर पलट गया। चालक विपिन जायसवाल ट्रैक्टर व उसकी पीछे रखे हुए लोहे के नागर के बीच फंस कर दब गया। नागर के नुकीले हिस्से से उसके सिर में गंभीर चोट आई जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से स्वजनों व क्षेत्रवासियों के बीच शोक का वातावरण निर्मित हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मराबी ने मृतक के घर पहुंचकर स्वजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया है। रमकोला पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया है।



## मचान पर चढ़े कलेक्टर, हाथी से बचाव का स्वयं लिया जायजा

**अंबिकापुर।** कलेक्टर विलास भोसकर ने शनिवार को मैनपाट के हाथी प्रभावित ग्राम कंडराजा में आंगनबाड़ी सह हाथी संकट प्रबंधन केंद्र का निरीक्षण किया। गांव में भ्रमण कर उन्होंने हाथी से बचाव हेतु ग्रामीणों द्वारा घर के पास निर्मित मचान में स्वयं चढ़कर निरीक्षण किया तथा यहां सीढ़ी की सुविधा देने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर हाथी के विचरण और नुकसान की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मुआवजा के संबंध में अपनी मांग रखी जिस पर कलेक्टर ने डीएफओ सरगुजा और एसडीएम मैनपाट को राजस्व विभाग एवं वन विभाग की संयुक्त टीम को ड्यूटी लगाकर सर्वे करने तथा लगातार निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर माह की एक और 15 तारीख को टीम गांव में जाकर अनिवार्य रूप से निरीक्षण करे और ग्रामीणों से संवाद करे। किसी भी तरह की हानि की स्थिति में तत्काल प्रकरण तैयार कर कार्रवाई करें। इस दौरान बताया गया कि हाथी के गांव के नजदीक आने पर ग्रामीण पक्की छतों पर मचाननुमा बनाकर आश्रय लेते हैं। ग्रामीणों ने पक्के घरों में छतों में जाने सीढ़ी की सुविधा की मांग की। कलेक्टर ने सीढ़ी की सुविधा देने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान आरईएस अधिकारियों को इस क्षेत्र के सभी सात संकट प्रबंधन केंद्रों में आवश्यकतानुसार शेल्टर की मरम्मत करवाने निर्देशित किया। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान गांवों में हाई मास्ट लाइट लगाने की मांग की गई। कलेक्टर भोसकर ने जल्द निराकरण की बात की।

# बदहाल हुई सड़कें, दुकानों और मकानों में धूल के प्रवेश से लोग परेशान



**स्थानीय संवाददाता**

**कोरबा।** काफी समय तक गड्ढों के चलते लोगों की परेशानी का कारण बनी सड़कें अब बारिश के मौसम में उखड़ने के साथ मुश्किलें बढ़ा रही है। शहरी क्षेत्र की मुख्य सड़कों की दुर्दशा के चलते नागरिक परेशान है। इन रास्तों से आवाजाही के दौरान बड़ी मात्रा में धूल का प्रवेश आसपास के इलाके में हो रहा है। ऐसे में लोगों को साफ-सफाई पर अधिक समय जाया करना पड़ रहा है। बालकोनगर से लेकर आईटीआई चौक, कोसाबाड़ी, सीएसईबी कालोनी, घण्टाघर, निहारिका, टीपी नगर और पावरहाउस रोड से लेकर मुख्य मार्ग तक सड़कों की दुर्गति की कहानी लगभग एक जैसी है। इन सड़कों का सुधार कार्य कुछ महीने पहले ही लाखों रूपये खर्च करने के साथ नगर निगम ने कराया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस काम से सड़क अधिक समय तक टिक सकेगी और लोगों को

## बारिश के साथ सड़कों का उखड़ना शुरू

सहुलियत देगी। लेकिन बहुत कम समय में ही सड़क विकास से संबंधित सच सामने आ गया। बारिश के शुरू से अब तक के दौर में सड़कों का सुधार जिस तरीके से किया गया था, उसकी उपर की परत पूरी तरह से उखड़ रही है और हवा के संपर्क में आने के साथ आसपास के वातावरण को प्रभावित कर रही है। इस स्थिति में सड़कों से आवागमन करने वाला वर्ग मुश्किल में है।

प्रभावित इलाके में इन सब कारणों से असीमित समस्याएं है। इन रास्तों पर व्यवसाय करने वाले और निवासरत लोगों ने बताया कि सड़क के उखड़ने के चक्कर में समस्याएं बढ़ गई है। बारिश होने तक हालात ठीक ठाक थे। अब हो यह रहा है कि उखड़ी हुई सड़क की जीरा गिट्टी से लेकर डस्ट हवा के दबाव में उड़ते हुए दुकानों और मकानों में प्रवेश कर रह रही है। दिनभर में 4-5 बार सफाई कार्य करने की मजबूरी उनके सामने है।

## संबंधित ठेकेदार को नोटिस

सड़कों का निर्माण 3 वर्ष पहले नगर निगम ने कराया था। इस काम को करने वाले ठेकेदार के साथ जो अनुबंध हुए थे, उसके हिसाब से सड़क की गुणवत्ता बाधित हुई। निगम ने इस मामले में ठेकेदार को नोटिस जारी किया था। यह प्रकरण कोर्ट में रहें। फिलहाल कोरबा में सड़कों की स्थिति और लोगों को राहत कब तक मिल सकेगी, ऐसा कहना जल्दबाजी होगी।

**एम.के. वर्मा, एसई, नगर निगम**



# कुमकी को देख छिप गया लोनर हाथी, ट्रेकिंग में जुटा वन अमला

**कोरबा।** जिले में तीन महिलाओं को मौत की नींद सुलाने वाले खतरनाक लोनर हाथी अभी भी पंतोरा के निकट छाता जंगल में है। इय हाथी को नियंत्रित करने के लिए प्रशिक्षित कुमकी हाथी को बिलासपुर टायगर रिजर्व से बुलाया गया है, जिस पर राजू नामक कुमकी को लेकर महावत कल सुबह से ही पंतोरा पहुंच गये है। यहां पहुंचने के बाद कुछ देर विश्राम करने के बाद कुमकी हाथी को छाता जंगल में उतारा गया। बताया जाता है कि दोपहर 2 बजे के लगभग लोनर व कुमकी हाथी का आमना-सामना हुआ लेकिन कुमकी को देखते ही लोनर भाग गया और जंगल में जाकर कहीं छिप गया है। जंगल में छिपे लोनर को ट्रेकिंग करने के लिए वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी लगातार लगे हुए है लेकिन छाता जंगल के काफी घना होने और इसका क्षेत्रफल भी बड़ा होने की वजह से अब तक लोनर का लोकेशन पता नहीं चल सका है। वन विभाग के सूत्रों के मुताबिक लोकेशन मिलते ही कुमकी को फिर लोनर के पास भेजा जायेगा और उसे नियंत्रित करने की कार्रवाई की जायेगी। ज्ञात रहे कि लोनर हाथी ने हरदीबाजार क्षेत्र के खैर भावना, रलिया व खोडरी ने अचानक पहुच भारी उत्पात मचाया था और 3 महिलाओं व मवेशियों की जान ले ली थी। दिन भर क्षेत्र में आतंक मचाने व वृंदावन में मौजूद रहने के बाद देर सायं को खदेड़े जाने पर आगे बढ़कर पंतोरा के पास स्थित छाता जंगल में पहुंच गये। तब से लगातार वहा डेरा डाला हुआ है। लोनर के आक्रामक रवैय्ये को देख आसपास के ग्रामीण काफी भयभीत है। वन विभाग भी चिंतित है। वन विभाग ने इस पर नियंत्रण करने के लिए कुमकी हाथी की सेवा लेना तय किया है। वन विभाग के बुलावे पर महावत कुमकी को लेकर पंतोरा क्षेत्र पहुंच गया है और काम भी शुरू कर दिया है।

# अब बीएसएनल केवाईसी के नाम पर फ्रॉड कॉल

## उपभोक्ताओं को लग रहा चूना, रहे सावधान




**कोरबा।** अगर आप भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल के मोबाइल का उपयोग करते हैं तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। इन दीनों आपको सावधान रहने की जरूरत है। कारण यह है कि अब बीएसएनएल के सिम के केवाईसी के नाम पर कॉल आ रहे हैं और लोगों के व्हाट्सएप पर मैसेज भी प्राप्त हो रहे हैं। इसे एंटरटेन करने पर लोगों को मोती चपत लग रही है।

पिछले महीने निजी क्षेत्र की कई टेलीकॉम कंपनियों के द्वारा अपने टैरिफ में 20 से 25त्न की बढ़ोतरी करने के बाद कई प्रकार की परिस्थितियों का निर्माण हुआ है और लोगों का रुझान भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल की तरफ हुआ है। अकेले कोरबा जिले में 2 लाख से ज्यादा नए ग्राहक बीएसएनएल के साथ आ गए हैं और यह संख्या लगातार बढ़ रही है ।दूसरे क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की जानकारी मिल रही है। अलग-अलग अवसर पर फ्रॉड करने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है। जानकारी मिली है कि अब बीएसएनल मोबाइल उपयोग करने वाले लोगों के पास फ्रॉड करने वाला गिरोह अलग-अलग नंबर से कॉल कर रहा है और उनके व्हाट्सएप नंबर पर संदेश भी भेज रहा है कि वह अपने सिम का केवाईसी कारण वरना उसे बंद कर दिया जाएगा। इस प्रकार के संदेश में बीएसएनएल के लोगों का उपयोग अवैध रूप से किया जा रहा है। फ्रॉड गिरोह के झांसे में आने वाले लोग बताते हैं कि कॉल करने पर पहले ?5 कट रहे हैं और फिर उनके खाते से 400 से ?1000 की राशि ड्रॉ हो जा रही है। उन्हें बाद में मालूम चलता है कि बीएसएनएल के आड़ में उनसे ठगी हो गई। बताया गया कि फ्रॉड कॉल 7449431721 सहित कई नंबर से आ रहे हैं जो दिल्ली और राजस्थान के बताए जाते हैं। इस मामले में बीएसएनएल के अधिकारी का कहना है कि केवाईसी अपडेट के लिए किसी भी तरह से उपभोक्ताओं को बिल्कुल नहीं कहा जा रहा है उन्हें इस मामले में सावधान रहने की जरूरत है। उपभोक्ता ऐसे किसी भी कॉल या मैसेज को गंभीरता से ना लें और अपना नुकसान करने से बचे।

## विश्वनाथ मंदिर में अनुष्ठान का हुआ समापन

**कोरबा।** सावन के पवित्र माह में कोरबा शहर का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है। जगह जगह धार्मिक आयोजन हो रहे है। इसी कड़ी में नेहरु नगर स्थित श्री विश्वनाथ मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ का समापन हो गया है। दो दिवसीय पाठ में क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। दिन भर प्रभु श्रीराम का यहां गुणगाण किया गया। रविवार को समापन मौके पर हवन व पूर्णाहुति के भोग भंडारा रखा गया,जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।

***कोरबा।** मुड़ापार बाईपास रोड में जलभराव की समस्या अब तक खत्म नहीं हो सकी है।

# सोहागपुर को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया कोरबा ने




**कोरबा।** एसईसीएल के केंद्रीय खेल मैदान परिसर में आयोजित तीन दिवसीय अंतरक्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता का समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में एसईसीएल की कुल दस टीमों ने हिस्सा लिया। एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप की टीम विजयी रही,जबकि सोहागपुर की टीम उपविजेता रही। समापन अवसर पर एसईसीएल कोरबा के जीएम मुख्य रुप से मौजूद रहे, जिन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

एसईसीएल कोरबा द्वारा विभागीय खेल मैदान में आयोजित अंतरक्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता का समापन हो गया। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की कुल दस टीमों ने हिस्सा लिया। तीन दिन तक चली इस प्रतियोगिता को एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप की टीम ने जीत लिया। जबकि सोहागपुर की टीम उपविजेता रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथी एसईसीएल कोरबा के जीएम रहे,जिनके द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफि प्रदान किया गया। कोरबा की टीम ने जिस तरह से इस प्रतियोगिता को जीता उससे विभागीय अधिकारियों के साथ ही खिलाड़ी भी काफी उत्साहित नजर आए। अंतरक्षेत्रीय ब्रिज प्रतियोगिता हर साल आयोजित की जाती है। एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में यह प्रतियोगिता होती है,जिसमें विभिन्न टीमें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते है।

# सड़क तक दुकान फैलाई तो अब निवेदन नहीं, होगी

## नगर पालिका ने कार्रवाई का मन बनाया



**कोरबा।** बार-बार कहे जाने के बाद भी कोयलांचल दीपका के विभिन्न मार्गों पर व्यवसायिक गतिविधियां बेहतर नहीं हो पा रही है। इससे आवागमन बाधित हो रहा है। नगर पालिका ने साफतौर पर कहा कि इस मामले में अब किसी प्रकार का निवेदन नहीं किया जाएगा बल्कि सीधे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नगर पालिका के पास अलग-अलग माध्यम से इस बारे सूचनाएं पहुंच रही है, जिनमें कहा गया कि मुख्य मार्ग पर स्थित दुकानों का सामान बाहार निकाल कर परेशानी बढ़ाई जा रही है। इसके चलते समस्याएं बढ़ रही हैं और लोग परेशान हो रहे हैं। बजरंग चौक दीपका से लेकर कटघोरा रोड और पाली रोड में इस प्रकार के मामले ज्यादा है। काफी समय से इस तरह की मनमानी हो रही है। नगर पालिका ने काफी समय पहले संबंधितों की समझ बढ़ाने के लिए कोशिश की थी, जिसके कोई नतीजे नहीं आ सके। अब इस बारे में रणनीतिक निर्णय लेने की मानसिकता बनायी गई है। उक्तानुसार 12 अगस्त को नगर पालिका की निर्वाचित बाडी के अलावा अन्य लोग बैठक में शामिल होंगे।

खासतौर पर इसी मसले पर विचार मंथन होगा और फिर पालिका अपने निर्णय पर क्रियान्वयन करेगी। माना जा रहा है कि रक्षाबंधन से लेकर गणेशोत्सव, जन्माष्टमी और इसके बाद बड़े त्यौहार का सीजन शुरू होगा। पहले से ही दीपका क्षेत्र की सड़कें सकरीय है और उन पर आवागमन में समस्या होती हैं। इस स्थिति में आसपास की दुकानों का सामान सड़क पर फैलने से चुनौतियां बढ़ जाती है। ऐसे में तमाम तरह की आलोचनाओं को खत्म करने और मनमानी करने वालों पर लगाम कसने के लिए नगर पालिका का एक्शन में आना स्वाभाविक है।

## विधानसभा स्तरीय रैली 13 से

**कोरबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा हर घर तिरंगा को लेकर सभी चारों विधानसभा क्षेत्रों में मोटरसायकिल रैली निकाली जायेगी। इसके अलग-अलग मण्डलों में बैठक हुई है। कोरबा विधानसभा क्षेत्र की मोटर सायकल रैली 13 अगस्त को पुराना बस स्टेण्ड से निकाली जायेगी। जिसका नेतृत्व पंकज सोनी, प्रीति स्वर्णकार, सुभाष राठौर, दीक्षित देवांगन, दिनेश सेन, पिंकू रंजन, सिद्धांत नारायण सोनी करेंगे। रामपुर विधानसभा क्षेत्र की रैली सरस्वती शिशु मंदिर से निकलेगी। 13 अगस्त को निकलने वाली इस रैली में दिनेश तिवारी, धनंजय चौहान, बृजेश यादव, नवीन देवांगन, किशन साव, प्रकाश यादव करेंगे।

## संरक्षित किया दो वृक्षों को

**कोरबा।** वन विभाग ने पीपल और शाल प्रजाति के दो वृक्षों को संरक्षित करना तय किया है। शुरूआती स्तर पर यहां वृक्षों के जीवनकाल के बारे में सूचना लगाई है। इन्हें किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाने की अपील लोगों से की गई है। उपेक्षा हुई तो कार्रवाई होगी। खबर के अनुसार साउथ इस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत जूनियर रिक्रियेशन क्लब के पास ये दोनों वृक्ष मौजूद हैं। अनुसंधान के अंतर्गत माना गया है कि इनकी अब तक की आयु 400 वर्ष की हो चुकी है। इनका जीवनकाल और लंबा संभावित है। इस दृष्टिकोण से इनकी उपयोगिता महत्वपूर्ण है। काफी समय से इस बारे में विभाग के पास जानकारी थी। विभाग ने अब जाकर दोनों वृक्षों को संरक्षित श्रेणी में शामिल किया। आगामी दिनों में यहां कुछ और कोशिश करने की योजना है। इससे पहले विभाग ने सतरेंगा में साल के एक वृक्ष को खोजा था, जिसकी आयु के बारे में अनुमान है कि वह 1600 वर्ष पुराना है। प्राचीन वृक्षों को सहेजने के लिए उनके तने के हिस्से में मेडिकेटेड लेप लगाया जाता है ताकि किसी भी प्रकार से कीट प्रकोप से उनकी रक्षा हो सके।

## बतख के कुनबे को सड़क पार कराया बछड़े ने, हो रहा वीडिया वायरल

**कोरबा।** कोरबा के जंगल के बीच सड़क पर एक दिलचस्प तस्वीर देखने को मिली। जंगली बतख अपने कुनबे के साथ सड़क पार करना चाहती थी। मगर वाहनों की आवाजाही बड़ी चुनौती थी। इस दौरान एक बछड़े ने बीच रास्ते पर खड़े होकर बतख के परिवार को सड़क पार कराया। क्षेत्र से गुजर रहे एक मीडिया कर्मी ने इस विलक्षण तस्वीर को कैद किया है। कुछ सेकेंड के वीडियो में आप देखेंगे की कैसे एक बछड़े ने सड़क पार कर रही बत्तख और उसके पूरे परिवार को सड़क के बीचो-बीच खड़े होकर सड़क पार करने में मदद की।

## पेट्रोल पंप में लूट, चार पकड़ाए

**कोरबा ।** कुछ दिन पहले करतला में पेट्रोल पंप संचालक से 5 लाख से अधिक लूट मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस ने सफलता हासिल कर ली है। आरोपियों में एक महिला भी शामिल बताई जा रही है लूट की बड़ी रकम भी बरामद हुई है। पुलिस कुछ देर में करेगी खुलासा।

## खाद्य सुरक्षा विभाग करेगा जांच

**कोरबा।** त्यौहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए अब खाद्य सुरक्षा विभाग एक्शन मोड में आ रहा है। उसका ध्यान खासतौर पर मिठाई

## शिविर 15 को

**कोरबा।** लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट और आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 15 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन एमआईजी 20 डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद नगर स्थित शिव ओषधालय में किया जा रहा है। स्वाधीनता दिवस के अवसर पर किए जा रहे इस कैंप में लोगों की रक्त शर्करा रक्तचाप सहित कई जांच की जाएगी और जीवन शैली के हिसाब से आवश्यक परामर्श दिया जाएगा।

# प्रतियोगिता के साथ मनाया सावन उत्सव




**कोरबा।** रामपुर बस्ती और सिंचाई कॉलोनी के समस्त महिलाओं ने शामिल होकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा एकल नृत्य, सामूहिक गायन, लोकगीत, मटका फोर्ड, कुर्सी दौड़ सहित फैशन रैंम्प वाक की रंगारंग प्रस्तुति दी। सभी महिलाओं ने ग्रीन साड़ी के साथ मैचिंग ज्वेलरी पहनकर सावन उत्सव का लुत्फ उठाया। रामपुर महिला मंडल के सदस्यों ने बताया कि हर साल सावन माह में उनका संगठन यह कार्यक्रम आयोजित करता है। जिसका उद्देश्य सावन माह को मनाया जाना है। इस अवसर पर एकल नृत्य के साथ सावन की कजरी गीत एवं लोक गीत गायें गये। वहीं फिल्मी गीतों पर भी महिलाएं थिरकी। सावन उत्सव के अवसर पर महिलाओं ने फैशन शो के रैम्प पर अपने जलवे दिखाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संजू पैकरा, गीता यादव, वंदना वर्मा, मीनाक्षी वर्मा, माधुरी पड़वार, कांति, राजकुमारी राते, पूजा खांडे ,बसंती सौसेरा, मालती पड़वार, श्रद्धा राव ,सुनीता जायसवाल, संगीता केसरवानी, हेमलता कंवर ,शकुंतला, शिवरात्रि ,प्रीति, रमा मिरी, शशि नागेश ,चंद्रकाली मरावी सहित वार्ड के महिलाएं उपस्थित थे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com